जेम अन्न की रासि फुनि, अर्ध[1] तरौं नां होय ।।१७।।
मद्धि लोक भुव नांम जो, चित्रा कह्यौ विष्यात ।
पूरब पछिम ऐक रजु, दक्षिण उत्तर सात ।।१८।।
तामैं राजू ऐक तौ, चित्राकौ लै ताहि ।
तैली राजू सात भुव, चौड़ी मांहि मिलाहि ।।१९।।
भई आठ राजू सवै, तिह आधी लै च्यारि[1] ।
ताकौं लंवी सात सौं, गुनि लीजिऐ विचारि ।।२०।।

सोरठा : होत गुनै अठवीस, सो गुनि ऊची सात तै ।
घनाकार जु भईस[1], रजू ऐकसौंछिनवै[2] ।।२१।।

दोहा[1] : फुनि वा चित्रा भूमि तै, ऊंची राजू सात ।
वात-वलय लौं जांनि तसु, भाग दोय गिनि भ्रात ।।२२।।
वृंह्म[1] स्वर्ग लौं भाग यक, पहिलै घटि फुनि वाधि[2] ।
वात-वलय लौं दूसरो[3], वधि घटि लीजे साधि ।।२३।।

---

१२ : १ अब । २ सुनिए ।
१४ : १ चौडे । २ ऊभौ ।
१७ : १ अर्द्ध ।
२० : १ च्यरि ।
२१ : १ भईसु । २ छिनवै ।
२२ : १ दोहा A does not use दोहा at all ।
२३ : १ ब्रह्म । २ वधि । ३ दूसरौ ।

अरिल[1] : मद्धि लोक चौड़ौ इक[2] राजू सांच है,
ब्रह्म स्वर्ग वह चौडौ राजू पांच है ॥
मिलें होत छह तामें आधे लीजिऐ[3],
तिनकौ लंबे सात गुनें[4] जब कीजिऐ[5] ॥२४॥
तबै होत इकईस सबै सुनि मित जू,
ब्रंह्म स्वर्ग लौं ऊचौ गनौं[1] नचित जू ।
राजू साढे तीन ताहि इकईस तें,
गुनि लीजे जैसें विधि सुनी मुनीस तें ॥२५॥
होत जु सत्तरि ऊपरि साढे तीन हैं,
ऐसें ही वृम्होतर तें गिनि लीन हैं ।
जो वधिघटि[1] कहि आयो[2] सो घटिवधि[3] गिनौं,
राजू होय तिहैत्रि[4] साढे सो भनौं ॥२६॥
दोऊ लेहु मिलाय करो[1] इकठे सबै,
होय ऐक[2]सौसैतालीस रजू जबै ।
तिन्हैं ऐकसौछिनवें मांझि मिलाइऐ,
रजू तीनसैतेतालीस बताइऐ ॥२७॥
तामैं जीव अनंत भरे यम मांनिऐं,
ज्यौं घट भरयौ घिरतसौं त्यौंही जानिऐं ।
जांन-पनौं लषिवो है केवल ग्यांन में,
श्री जिन भाषी सो कीजे सरधां नमैं ॥२८॥
ताही कै मधि त्रसनाड़ी[1] जु कहात है,
ऊची चौदह राजू सबै विभात[2] है ।
लबी चौड़ी इक इक[3] राजू ही कही,
त्रस जीवनि की याही मै उतपति सही ॥२९॥

---

२४ · १ अरिल छद । २ यक । ३ लीजिए । ४ गुनें । ५ कीजिए ।
२५ · १ गिनौ ।
२६ : १ घटिबधि । २ आयौ । ३ Same as १ । ४ तिहत्तरि ।
२७ : १ करौ । २ एक ।
२९ : १ नाडी । २ विख्यात । ३ यक एक ।

या विन लोकाकास मद्धि जे[1] ठौर है,
तहां इकेंद्री ही उपजत नहि और है।
लोकाकास तणी विधि ऐसै जांनिऐं,
गृ थनि कै अनुसारि कही सो मांनिऐं ॥३०॥

चौपई. परि यह लोक जु पुरषाकार, वात-वलय कै है आधार।
तिन के नांम आदि सुनि अवै, तीन वलय तै वेढचौ सवै ॥३१॥
प्रथम घनोदधि पवन कहात, गऊ-मूत्र सम वरन लषात।
मोटो जोजन वीस हजार, सव पिरथीतलि वलयाकार ॥३२॥
दुतिय वलय घन ताकौ नांम, मूग वरन सोहै अभिरांम।
और घनोदधि-सम लै जांनि, त्रितिय वलय तन नांम वषांनि ॥ ३३॥
पंच वरन[1] है ताकौ रंग, और सकल जांनौ वह ढग।
पिंड़[2] भयो[3] सव साठि हजार, वड़ा जोजनां मोटौ सार ॥३४॥
ऊपरि सिद्धषेत्र है जहां, इती मुटाई[1] जांनौ तहां।
वात घनोंदधि फुनि घनवात, चवद्दै सहस धनुष रे भ्रात ॥३५॥
त्रितिय वात तन धनुष प्रमांन, पंद्रहसैंपिच्चेहतरि[1] जांन।
तिनमैं[2] सिद्धन के सिर लगे, इम भाषी गनधर गुन पगे ॥३६॥
अव सुणि मद्धिलोक-विस्तार[1], दीप समुद्र असंषि मुझार[2]।
तिन मधि जंवूदीप प्रधांन, ज्यौं सरीर मधि[3] नाभि प्रमांन ॥३७॥
गोल जानि तिह वलयाकार, चहु दिसि जोजन लक्ष प्रसार।
मेर[1] सुदरसन ताकै मद्धि, ऊचौ[2] जोजन लक्ष प्रसिद्धि ॥३८॥
ताकै दक्षरण उत्तर[1] वीर, षट परवत जु परे मनु तीर।
पूरव पछिम तिनके छोर, लवरणोदधिमैं परे दुवोर ॥३९॥
जिनतैं भऐ सात सुभ षेत, तिनकौ नांम सुनौं करि हेत।
भरतषेत्र[1] दक्षिरण दिसि जांनि, ऐरावत ऊत्तर दिसि मांनि ॥४०॥

---

३० : १ जो।
३४ : १ वरण। २ पिंड। ३ भयौ।
३५ : १ मुटाइ।
३६ : १ पिच्चेहत्तरि। २ तिनतैं।
३७ : १ विसतार। २ मद्धार। ३ विचि।
३८ १ मेरु। २ ऊचो।
३९ : १ उतर।
४० : १ क्षेत्र।

हिमवत कह्यौ चौ गुणौं सोय, है रनि वत तिम उत्तर जोय।
षेत्र जुहरि यातै चौगुणौ, रम्यक उत्तर दिसि फुनि सुणौं ॥४१॥
वीचि विराजै षेत्र विदेह, चौसठि गुणौं ताहि गिणि[1] लेह[2]।
अब परवत के कहिऐ[3] नांम, हिमवन भरथ वोर अभिरांम ॥४२॥
सिषरी ऐरावत दिसि लग्यौ, महा हिमौंन दषिण[1] दिसि पग्यौ।
रुकमी ऊत्तर दिसिकौं होय, नषिध भरथ की वोर सु जोय ॥४३॥
नील उतर दिसि ही कौं जानि, ऐ सब भूधर षेत्र प्रमांन।
तिनके भाग ऐक सौ निवै, तामै भरथ भाग यक हिवै ॥४४॥
जोजन पाच सै रु छव्वीस, इक जोजनकी कला वनीस[1]।
तिनमैं कला लेहु षट कहै, भरथ ऐरावत परमित यहै ॥४५॥
भवि सुनि भरथ षेत्र की वात, विचि विजयारध परयो विष्यात।
तामै गुफा दोय तू जानि, तिनकी तरह सुनौ सुषदांनि ॥४६॥
हिमवन परवत परि द्रह देषि, पदम नांम तिह तनौ विसेषि।
तिह तैं या दिसि नदी दोय, गंगा सिंध[1] नीकसी सोय ॥४७॥
गगा विजियारधकौं भेदि, पूरव दिसि चाली विनि षेदि।
दुतिय गुफा विजियारध मांहि, सिंधु चली पच्छिम दिसि जाहि ॥४८॥
तिनतै भरथ-षेत्रकै माहि, षट षंड़[1] पड़े[2] सु संसय नाहि।
तिनमै षंड़ मलेछ जु पांच, आरज्य[3] षड ऐक है सांच ॥४९॥
ताकै मद्धि जांनि इक देस, नांम ढुढाहर[1] वसै विसेस।
सरिता[2] सरवर तामै घने[3], कूप वावड़ी सुंदर वने ॥५०॥
वृछ[1] अनेक जाति के भले, छहु रति मैं जे फूलै फलैं।
तहा पुरी अवावति वसै, इंद्रपुरी हू तैं अति लसै ॥५१॥

---

४२ १ गिनि। २ लेहु। ३ कहियतु।
४३ : १ दक्षिण।
४५ . १ उनीस।
४७ : १ सिन्धु।
४९ : १ षढे। २ पडे। ३ आरिज।
५० : १ ढुढाहर। २ सरता। ३ घनें।
५१ : १ वृद्धि।

चहु[1] दिसि परवत वड़े ऊतंग[2], तिन परि षाई कोट सुचंग।
मद्धि पुरी कै सुंदर भौंन, तिनमै वसै सुषी सव पौंनि ॥५२॥
गिर परि महल भूप के वड़े, मांनौं सुर[1]-विमांन ऐ[2] षड़े।
महलनतै गिर परि कछु[3] दूरि, किल्ला ऐक वनायो सूरि ॥५३॥
नांम सवाई जैगढ दियौ, भूप सवाई जैस्यंघ कियौ।
तामैं सोहत महल सुवाग, तोप कोट परि है वहु लाग ॥५४॥
राजी सवै पुरी के लोग, भूपनि-तणी नीति-संजोग।
ईति[1] भीति नहि ब्यापत जहां, दुषी न दीसै कोऊ तहां ॥५५॥

छंद वरवै : तहां भऐ कछवाहे, छत्री[1] भूप।
तिनकी कीरति जग मैं, अधिक अनूप ॥५६॥

नृप वंस वर्नन

दोहा : वड़े वंस श्रीरांम के, कछवाहे दल साजि।
आऐ नरवर तैं कियौ, देस ढुढाहड़ राज ॥५७॥
प्रथम राज काकिल कियौ, मारि मवासे तोड़ि।
वचे भोमिया ते सवै, मिले आप कर जोड़ि ॥५८॥
तिनकै पाटि हणू नृपति, भऐ मनौं हनुमांन।
वहुरचौं जानड़दे भऐ, तिनकै पाटि सु जांन ॥५९॥
फुनि पज्जवण भऐ नृपति, महावली सांमंत।
तिनकौ वल जस प्राकरम, वहु कविजन वरनंत ॥६०॥

सोरठा : भऐ मलेसी भूप, ग्यारह सै इक्यांवनै[1]।
कीन्हौ राज अनूप, वैठि पुरी अंवावती ॥६१॥
फुनि वीसल भूपाल, राज कियौ वहु[1] सैन सजि।
तिनकै पाटि विसाल, राजे राजा राजदे ॥६२॥

---

५२ : १ चहुं। २ उतंग।
५३ : १ स्वर। २ ए। ३ कछू।
५५ : १ इति।
५६ : १ षित्री।
५९ : १ हणूं।
६१ : १ only इ the rest damaged.
६२ : १ ends damaged the word thus lost

फुनि नृप केल्हण नांम, वहुरचौं कूतिल[1] नृप भऐ[2]।
तिनके गढ़ अभिराम, अवलौं सोभित हैं[3] प्रगट ॥६३॥
फुनि जौंणसी महीप, तिनकै पाटि भऐ नृपति।
उदैकरण अवनीप, तिनकै पटि[1] नरस्यंघ हुव ॥६४॥
भऐ भूप वणवीर, तिनकै[1] पट[2] उधरण उऐ[3]।
तिनकै पटि धरधीर, चंद्रसेरिग हुव चद्रसम ॥६५॥
तिनकै पटि भूपाल, प्रथ्वीराज[1] उद्योत किय।
सव दुरजन के साल, भऐ प्रजापालन निमति ॥६६॥
द्वारावति की छाप, म्हाधरम[1] ध्वज भूप कै।
जोगी-तणै मिलाप, घर वैठां ही ऊ घडी ॥६७॥
तिनकै वारह पुत्र, भऐ महावल प्राक्रमी।
जीति लऐ[1] सहु सत्रु, वांधी वारह कोटडी ॥६८॥

छंद प्रथीराज कै पाटि भारमल वैठ्यौ[1] अति सोहै।
तिनकै पटि भगवंतदास हुव ता सम और न को है॥
जिनकै[2] पुत्र भऐ जग मैं नृप मानस्यंघ अवतारी।
तिन दिल्लीपति पातसाहिकी[3] सवही वात सुधारी ॥६९॥
पूरव पछिम दक्षिण[1] ऊतर[2] च्यारचौं दिसि पजाई[3]।
लैं लैं जीति भूमि भूपनि की दिल्ली तलै लगाई॥
सवही मुलक माहि जिनकौ जस अवलौं[4] नर तिय गावैं।
तिनकी सपति साहैं[5] सुभटनु[6] कौ जसु कछुक सुनावैं ॥७०॥

---

६३ १ कूतिल। २ भये। ३ है।
६४ १ पाटि।
६५ १ जिनकै। २ पटि। ३ भए।
६६ १ प्रथीराज।
६७ १ महाधर्म्मं।
६८ १लिये, B includes two additional Dohas and the verse order changes accordingly

दोहा—प्रथीराज नृप जांम, पूरणमल भोवौं रतन।
किियो राज परिनाम, कारणी कविन ना धरचौं ॥६९॥
आसकरण इक पुत्र, दौरि जाय पतिसाहिपैं।
नलवर राज पवित्र, लैकैं कीयौ जीति षलु ॥७०॥

६९ १ बैठो। २ जिन्हकै। ३पातिसाहि।
७० १ दक्षिन। २ उत्तर। ३ पं जाई। ४ अब लौं। ५ सांहंस। ६ सुभटन।

कवित्त अन्योक्त[1]† : जेतक[2] विलायत मैं ऐक[3] उमराव[4] ताकैं,
तेती बीचि पांडवन मांड्यौ कुरषेत है।
कहै 'कवि गंगधर' आंगन कौ जैसौ लेषौ,
तैसै कीन्हें सात हैं समुद्र सरासेत है॥
ऐती भूमि काकै भई कौंनें पातसाहि लई,
जेती यह पातसाहि[5] लई अर लेत है।
मेरै जांनि राजा मांन तोरि तोरि आसमान,
जोरि जोरि जमीतैं जलालदी कौं देत है॥७१॥

पुन कवित्त : काहू कै करम पातसाही उमराई राई,
काहू कै करम राज-राजनिकौ नेत है।
काहू कै करम हय हाथी परगनें पुर,
काहू कै करम हेम हीरनि कौ केत है॥
हरि हरि[1] जोई जोई जाही कै लिलाट लीक,
सोई सोई आंनि इँह दरबारि[2] लेत है।
कूरम नरिंद मांनस्यंघ महाराजा,
तेरे करकै भरोसै करतार[3] लिषि देत है॥७२॥
पीछै तौं न होयगौ[1] जुगति यह जांनियत,
कीन्हौं जब सेत रांम हेत जाकौ नल है।
कूरम नरिंद पुरषारथ की सीम सुनैं,
जाके भुजदंडनि मै भीमको[2] सौ बल[3] है॥
पूरब की वोर छित छोर लौं विरचि वीर,
काटि काढ्यौ अमित पठाननि कौ दल है।
लोहू भरचो षरग[4] पषारचौ मांनस्यंघ, भयौ
तब तै सुषारौ मनौं[5] सागर कौ जल है॥७३॥

---

७१ : १ अन्योक्ति। २ जेतिक। ३ एक। ४ उमराय। ५ अकबर।
७२ : १ हर। २ दरबार। ३ करतारु।
७३ : १ होयगो। २ भीमको सौ। ३ बल। ४ षडग। ५ मानों।

---

†The author means that this couplet has been composed by some one else The word has nothing to do with अन्योक्ति alankara.

छप्पै : कनक-कलस सज्जिऐ[1], नगर मंडिऐ[2] विविधि विधि।
पदमिनि यम पिष्यिऐ[3], उदित भई मनहुँ- नऊं निधि॥
नर नारी मन मुदित, हरषि मुष मंगल गांवहि।
जिनु थप्यो लंकेस कहै, सोई दछिछन आवहि[4]॥
इम सिंधु सकुचि पैंडो[5] कियौ, जो न सीस पथ्थर[6] तिरै।
रघुवंस अंस नृप मांन सुनि, भम्भीषन फूल्यौ[7] फिरै[8]॥७४॥

सोरठा : तेग मांन की मांहि, अगनि[1] अनीषी नीकलै।
त्रण[2] वाला† वचि जांहि, जलवाळा‡ जलि जलि मरै॥७५॥

दोहा[1] : मांनस्यघ नृप कै भऍ[2], जगतस्यघ* सुकमार।
वालपनै गढ कांगड़ा[3], तोडत[4] लगी न वार॥७६॥
कवि काला माठा[1] तुरी, रज विन[2] रजपूतांह।
जगतै मान नरिंद-रै[3], आघ[4] कियौ ऐतांह॥७७॥
भऐ[1] कवर जगतेस कै, महास्यंघ सिरताज।
लघु सुत सूपति मान[2] कौ[3], भावस्यंघ किय राज॥७८॥
बहुरि भऐ महास्यंघ कै, सुत नृप जयस्यंघ नांम।
दक्षिण दिसि जीतन[1] चढे, मनहु[2] लंककौं रांम॥७९॥

छप्पै : तिन तिलंग हुव भस्म असम[1] अफजल वर फट्टिव।
लग्ग वग्ग वंगलांन नद द्रावड़ी दवट्टिव[2]॥
मृग महीप घन घूमि घूम[3] घर[4] मड़ल मछिछव[5]।
घिरत षांन षुंम्मांन कोन लक्कर जिम डट्टिव[6]॥

---

७४ १ सज्जिए। २ मडिए। ३ पिष्षिए। ४ आवहि। ५ पंडो। ६ पत्थर।
७ फुल्लयौ। ८ फिरै।
७५ १ आगि। २ त्रिण।
७६ १ दोहा। २ भए। ३ कागरा। ४ तोडत।
७७ : १ माठा। २ विनि। ३ कै। ४ आघ।
७८ १ भए। २ मान। ३ कै।
७९ : १ जीतण। २ मनौं।
८० : १ missing। २ A दवट्टिप। ३ घूम। ४ घुर। ५ महिव। ६ डट्टिव।

---

†The defeated foes holding grass in the mouth.

‡The envious.

*The famous temple of 'Jagat-Shiromani' at Amber is assigned to Prince Jagat Singh who died during the life-time of his father.

सिव सिंघ[७] अग्य जग्गी अवनि, यम जगत्त जारन लयव।
वल दलति[८] जलद जयसाहि-दल, नहि पिष्षिय कब बुझि[९] गयव ॥८०॥

कवित्त अन्यौक्ति[१] : फौजन[२] तै आपन दवाय राषी दसौं दिसि,
अरनिकौं राषी न निसांनी कहूं हिरकी।
साहि के सुभट जयस्यंघ गिर मेर गुर,
गाहि गाहि गाही ठौर राषी न गुमर की॥
कीनौं वोल ऊपर प्रताप दीन हू पर, सु—
भूप तै पाघ राषी भूपनि के सिर की।
थर थर थार को[३] सौ पारौ थहरात[४] ही†,
सु तेही लगि थांभ पातसाही[५] थांभि थिर की ॥८१॥

दोहा : भऐ[१] भूप जयस्यंघ कै, रांमस्यघ महाराज।
तिनके[२] संगि सदा रहे, कविजन‡ सुभट समाज ॥८२॥

प्रताप वर्नन

कवित्त : किलकत काली जुग्गननि कै[१] जसन होत,
'सुकवि धुरंधर' जमाति जुरै देवी की।
और हूं कहां लौं कहौं दौर[२] रांम कूरम की,
दविगे दिगज देव-दांनव न ऐवी[३] की॥
धसकी धरनि ड़ाढ मसकी ड़ढायर की[४],
कसकी कमठ-पीठि[५] रसम रकेवी* की।
दिग्ग-दल भारकै दवाऐं वे-सम्हार ह्वै कै,
भयौ भांति सिमटि भुजगम जलेवी की ॥८३॥

दौहा[१] : भऐ[२] रांम नृप कै कवर, किसनस्यंघ जिम भांन।
तिनके तेज कृपान[३] कौं, जानत सकल जिहांन ॥८४॥

---

८० : ७ स्यंघ। ८ Aदलिति। ९ Aकव वुज्झि।
८१ : अन्यौक्ति। २ फोजन। ३ कौं। ४ थैहरात। ५ पातिसाही।
८२ : १ भए। २ तिनकै।
८३ : १ कै। २ दोर। ३ एवी। ४ डठायरकी। ५ पीठि।
८४ : १ दौहा does not occur in A। २ भए। ३ कृपान।

---

†cf Bhusan 'थारा पर पारा पारावार यों हलत है' (Shiva-Bavani)
‡Kulapati Misra was a Court-poet of Ram Singh
*The convex back of the mythological crab became concave like a dish,

कवरपदै किसनेस कै, विसनस्यंघ हुव पुत्र।
राज कियौ अवावती, जीति सकल षल सत्रु ॥८५॥

छप्पै अन्योक्त[१] : जिन जट्टन अल्ली हुसेन भल्ली विधि कुट्टिव।
जिन जट्टन सफीषांन नद वहु भात[२] अहुट्टिव ॥
जिन जट्टन मैंहरावषांन-गुंमांन[३] गुमायौ[४]।
जिन जट्टन मुकरब्बिषांन कर कुट्टि[५] षिलायौ ॥
'कवि राम' वहादरषांन सौं, जंग जुट्टि वसु लुट्टि लिय[६]।
नृप विसनस्यघ सोइ[७] तेग वर, जट्ट थट्ट दहवट्ट[८] लिय ॥८६॥

दोहा[१] : विसनस्यघ नृपकै भऐ[२], श्री जयस्यंघ नरिंद।
तिनहि सवाई पद दयौ, दिल्ली सुरपति हिंद ॥८७॥
संगि लिऐ[१] चतुरंग दल, रथ पायक गज वाजि।
कूरम श्री जयस्यघ नृप, चढे गढौं पै साजि ॥८८॥

छंद भुजंग प्रयात : गढौं पै चढे भूप वालापनै[१] मैं,
दिसा दक्षिणी परवतौं के गनै[२] मैं।
किला तोरि कै षेलना[३] षेलना† से,
मनौं वालकौं नै[४] किऐ[५] हैं तमासे ॥८९॥
लरे सैद वे दौरिकैं सांभरी मैं,
मिलाये[१] जमौं सैं तिनेंहू घरी मैं।
भिरे साहिजावे भयो जंग भारी,
तहां भूपहू कोपि कीन्हीं[२] सवारी ॥९०॥

---

८६ . १ अन्योक्ति। २ भाति। ३ गुम्मांन। ४ गमायौ। ५ कुट्ट। ६ ^किय।
७ सोई। ८ दैह वट्ट।
८७ १ दौहा। २ भए।
८८ १ लियें।
८९ १ वालापनें। २ गनें। ३ षेलना। ४ नैं। ५ किये।
९० १ मिलाए। २ कींनी।

---

†Fort of Khelana or Vishalgarh on the crest of the Sahyadri hills in the Deccan. It is said that the title "Sawai" was conferred upon Jai Singh, when hardly sixteen, by the Emperor Aurangzeb in recognition of his personal qualities shown by him during the Khelana campaign (A.D 1702)

चलाऐ घने वांन[1] आकास छाऐ,
तमासे[2] घनें जोगिनी जक्ष आऐ।
कियो जुद्ध भारी घने[3] सत्रु मारे,
वचे जे तिनौंनै[4] तिने दत धारे ॥९१॥
वड़े भूप भू मैं हुते मारवारी,
तिन्हौं पै चढी कोपि कै फौज सारी।
लगे पाय वे छांडिकै[1] राजधांनी,
चहूं चक्क नै भूप की आंन मांनी ॥९२॥

दोहा[1] : मांनी आंन सवै नृपति, आऐ अधिक उमंगि।
पाय लागि विनती करी, हमैं राषिऐ संगि ॥९३॥

वांन वर्नन (अ०[1]) ॥

कवित्त : कूरम नरिंद जयसाहि वाहैं परकै,
सु पार होत पल मै सहज सूकी परकै।
चलत सलूक चुकुटी[2] कै और कर कै,
सुवकतर टोप करी काच जिम[3] करकै ॥
'सूरजि'[4] भनत करै घाव जाही धर-कैं,
सु वाकौ हियौ नैक वेर दोय-तीन धरकै।
मालिम जगत मै लगत जाही[5] सर-कै,
सु हाथी पैड़ पाच सात पाछे पाय सरकै ॥९४॥

कवित्त[1] : कोप करि कूरम सवाई जयस्यंघ नृप,
चढ्यौ जोधपुरवारे अभैस्यंघ मारू[2] परां।
फौजन की गरद न दीसै भांन[3]-मंडलहू,
सिंध[4] सूकि गऐ को गनत नदी नारे सर ॥

---

९१ : १ वाण। २ तमासे। ३ घनें। ४ जे जिन्हौंनै।
९२ : १ छाडिवे।
९३ : १ दौहा।
९४ : १ missing। २ चिकुटी। ३ जिमि। ४ सूरज। ५ जांही।
९५ : १ कवित्त, missing in A। २ मारू। ३ भानु। ४ सिंधु।

---

†cf. Ms no 4287 in the Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur collection.

दसौं दिगपालन हूं दातन[५] तिनौंका[६] धरे,
सुरपुर नागपुर दौरे[७] जात दरवर।
दहसत्ति[८] षाय रजपूतन की वांह[९] छांह[१०],
आय मिलि ड़ांड़[११] भरि वच्यौ नाथ मुरधर ॥९५॥
जंग सुलतानें जहा[१] पूरव परव पाय,
अरव षरव दल जोरे पर दोह पै[२]।
'सूरिज' भनत तहां[३] आगै भयो जयसाहि,
सिंधुर ठिलत यौं[४] पिलत लोह लोह पैं॥
गिद्धि[५] सिधि[६] सथ्थन अघांनौं स्यंभू मथ्थन[७],
सुवीर निज हथ्थन[८] चलावै तीर छोह पै।
मंडल कमांन कै वितुंड पै लसत मनौं,
ऊग्यौ[९] है प्रचंड मारतंड विधु[१०] कोह पै ॥९६॥

नगर उतपति[१] वरनन[२]

दोहा[३] छंद नगर वसायौ यक नयौ, जयस्यंघ सवाई,
निसानी : जाकी सोभा जगत मैं, दसहौं दिसि छाई।
ताकौ वरनन करनकौ, हुलसी मति मेरी,
इंद्रपुरी हू जानियौं, ताकी है चेरी ॥९७॥

कवित्त कूरम सवाई जयस्यंघ भूप सिरोमनि,
सुजस प्रताप जाकौ[१] जगत मैं छायौ[२] है।
करन-सौ दानी पांडवन-सौ कृपांनी महा,
मांनी मरजाद मेर रांम-सौ सुहायौ है॥
सोहै अवावति की दक्षिण[३] दिसि सांगानेरि,
दोऊ वीचि सहर अनौपम[४] वसायो है।
नांम ताकौ धरयौ है स्वाई[५] जयपुर,
मांनौं सुरनि हीं[६] मिलि सुरपुर-सौ रचायो है ॥९८॥[७]

---

९५ : ५ दातन। ६ तिनुका। ७ दोरे। ८ दहसति। ९ वाह। १० छाह। ११ वाड।
९६ : १ तहा। २ [A] दोहैपै। ३ जहां। ४ भयौ। ५ गिधि। ६ सिद्धि।
७ मत्थन। ८ हत्थन। ९ उग्यो। १० विधु।
९७ : १ उत्पत्ति। २ वर्नन। ३ missing।
९८ : १ ताकौ। २ छायौ। ३ दक्षण। ४ अनोपम। ५ सवाई। ६ ही।
७ ॥१००॥।

छंद पद्धरी : च्यारचौं[1] दिसि रच्यौ उतंग कोट,
तापरि कगुरनि[2] की वनी जोट।
तिह तलि चौड़ी षाई वनाय[3],
औड़ी मनु सरिता चली जाय ॥९९॥
दरवाजे ऊचे[1] वनें[2] गोष,
पौरिया वैठि तिह[3] करत जौष।
चौपरि† के कीन्हे हैं वजार,
विचि वीचि वनाऐ[4] चौक चार ॥१००॥
ल्याऐ[1] नहैरि‡ वाजार मांहि,
विचि मैं ववे गहरे रषांहि।
चौकनि मै कुंड रचे गंभीर,
जग पीवत तिनकौं मिष्ट नीर ॥१०१॥
हाटिन कै विचि रस्ता[1] रषाय,
दीन्हे[2], ते सूधे चले जाय।
वहु वने हवैली कूप वाग,
सुंदर तिनु लषि मन लगत लाग ॥१०२॥
धनवांन जु व्यौपारी कितेक,
वहु देस सुदेसनि तै आऐ अनेक[1]।
ते करत विणज अति निसक[2] होय,
परदेस सुदेसहि जात कोय ॥१०३॥
मिलि साहूकार धनाढि मित,
वागनि मैं गोठि करै नींचत।

---

९९ : १ च्यारचौं। २ कंगुरनि। ३ षनाय।
१०० : १ ऊचे। २ वडे। ३ तेंह। ४ वनाए।
१०१ : १ ल्याए।
१०२ : १ रसता। २ दीन्हैं।
१०३ : १ वहु देसनि तै ल्याए अनेक। २ निसँक।

†In accordance with the Hindu tradition of town-planning i, e, two wide streets run through the city intersecting at right angles.

‡This canal was brought from नाला अमानीशाह in the west of the new city—नाथावतों का इतिहास, हनुमान शर्मा p. 166.

या विधि सौं[1] सुष[2] निसि दिन वितात,
देवन[3] समांन नर तिय लसात ॥१०४॥

छंद · आऐ निजूमी† जोतिगी, वहुरचौं फिरगी‡ कौतिगी ।
तिन रच्यौ जंत्र विसाल है, तामैं ग्रहौं[1] की चाल है ॥१०५॥
तिथिपत्र* मिलि ठान्यौं नयौ, सिरिनांम भूपति कौ दयौ ।
सो[1] 'जयविनोद' कहात हैं[2], जग मांहि सौ विष्यात है ॥१०६॥
वहु विप्रि विद्यावांन ते, आऐ दिसा-विदिसान[1] तें ।
साहित्य तर्क सु न्याय के, पाठी प्रवीन सुभाय के ॥१०७॥
मिलि वैठि वै चरचा करैं[1], 'वांनी सुरनि की††' उच्चरैं[2] ।
वोलै सु अधिक मरोर सौं, वहु जोर करि कैं सोर सौं ॥१०८॥
सुनि भूप चरचा तिन-तनी‡‡, हिय हरषि कै कवि गुनी ।
धव देत तिनहि अपार है[1], अैसी अनेक सभा रहै[2] ॥१०९॥
भाषा कवी परवीन ते, जस करत नव प्राचीन ते ।
वारहट** भाट†† सुभावतैं, वहु पढत कवि चित चावतैं ॥११०॥
गज वाजि धन सिरपाव ते, वकसीस लहि गुन गावते ।
विचरैं सु पर हू देसते, आसिषा देत हमेस ते ॥१११॥

---

१०४ : १ सुष । २ सौं । ३ देवनि ।
१०५ : १ गृहौं ।
१०६ १ श्री । २ है ।
१०७ · १ दिसांनि । २ ते ।
१०८ १ करैं । २ उच्चरैं ।
१०९ १ हैं । २ रहैं ।

---

†Astrologers Najum (Astrology) in Persian Ancient Hindu Kings kept astrologers at their court. Astrology was a favourite subject among the Muslim Sultans also who had full faith in the Heavenly bodies.

‡Universally accorded to Europeans (the Franks) In India it has a perjudicial significance but not everywhere.

*Calendar

††Sanskrit

‡‡Mark the use of genitive तनी ।

**The obstinate family Charana who won't yield till his reward is obtained by him i e he dose द्वार हठ ।

††A family bard, A 'Bhat' is different from a 'Charana' in that his यजमान may be a non-Rajput also while a Charana accepts the patronage of a Rajput गढ़पति only.

छंद पद्धरी :

वहु विधि के कारीगर अनूप,
परिवार सहित बुलवाय भूप।
तिनकौं[1] पुर मै दीन्हे[2] वसाय,
हासिल† सवकौं माफी कराय ॥११२॥
यह सुजस वढ्यौ चहुधां अनंत,
आऐ वहु जन तिनकौ न अत।
व्यौपार करन लागे अनेक,
वहु भातिन[1] के करि करि विवेक ॥११३॥
कहुं महुर‡ रुपैया[1] लेत देत,
जौंहार विकत सुवरन समेत।
कहुं वस्त्र पाटके वहुरि स्वेत,
मैहमूदी[2] षासा[3] तनसुषेत* ॥११४॥
कहु पसमींना फुनि विकत पान[1],
कहु[2] विकत किराने[3] वहुरि धांन।
कहुं लिऐं कसेरा धात पात्र[4],
वेचत तिनमै नहि झूठ मात्र ॥११५॥
कहुं गंधी अत्तर वेलि तेल,
वेचत मिस्सी†† फुलवा फुलेल।
कहु[1] हलवाईगर वणिक रूप[2],
वेचत जु मिठाई करि अनूप ॥११६॥

---

११२ : १ तिन्हकौं। २ दीन्हें।
११३ : १ भांतिनु।
११४ १ A रुपैया। २ मैहमूदी। ३ षासे।
११५ १ पांन। २ कहू। ३ किरानें। ४ पंत्र।
११६. १ कहु। २ रूप।

---

†Taxes in general

‡Gold coin bearing the seal of the Maharaja.

*All the three varieties find a mention in 'Ain-i-Akbari' of Abul Fazl. (Ain 32)—Blochmann & Jarrett.

††A powder made of vitroil with which women blacken the space between their teeth High class ladies, used antimony for darkening their eye lashes. See Jayasi's description

"छोरहु जटा, फुलायत लेहू, झारहु केस, मकुट सिर देह।
काढ़हु कथा चिरकुट-लावा, पहिरहु राता दगल सोहावा ॥" (Ratansen-Padmavati khand)

मेवा परदेस सुदेस के जु,
वहु लेत देत करि करि मजेज।
कहुं वरणत पारिचा† जरीवाव,
अति गर्व भरे नहि देत जाव ॥११७॥
जरदोज‡ कहूं सीवत वितान[1],
सिरपावन* के वहु वस्त्र-थांन।
रगरेज रँगत कहूं पट सुरग[2],
लहरिया जु वांधत करि उमंग ॥११८॥
कहूं षत्री छीपे चूनरीन,
पोमचे†† वांधि वेचत प्रवीन।
कहुं चूरा‡‡ चित्रत है चतेर[1]**,
कहु वेचत है तिनकौं लषेर ॥११९॥
वहु वसे आय कै[1] सिल्पकार[2],
वहु भातिन के घड़ि संग सार।
देहुरे और मंदिर जु आदि,
तिनकै लावत करि सिल्प यादि ॥१२०॥
कहु वेजारी+ वहु व्यौत साजि,
ते चुनत चुनांवहार[1] काजि।
कहु[2] घड़त[3] ठठेरे[4] द्यौस राति++,
घन आवत मनु दादर‡ वुलात ॥१२१॥

---

११८ . १ बितान। २ स्वरग।
११९ १ चितेर।
१२० · १ कै। २ सिलपकार।
१२१ : १ चुना। २ कहु। ३ घडत। ४ A चतेरे।

---

†Embroidery
‡Gold embroidery
*Full-dress.
††Ladie's scarf.
‡‡Bangles.
**Painter.
+Masons [चेजारी ?]
++Day and night.
‡Frogs.

कहुं रतन-जड़ित[1] जड़िया[2] सुनार,
मुलमची† वेगड़ी‡ सिकलगार*।
वस्मागर वुनगर वरक साज,
कहु वेचत गुड़ी†† पतंगवाज ॥१२२॥
काछी कलार‡‡ लोहे लुहार,
मोची कहुं जीन रचै[1] संवार।
वढई पिरजापति[2]** आदि और,
व्यौपारी फुन कसवी करोर ॥१२३॥
छत्री ब्राह्मण अर वैस्य सूद्र,
च्यारि हू[1] वरण के गुण-समुद्र।
सव सुखी सूर सायर प्रवीन,
वहु चतुर वसै तिनमैं न दीन ॥१२४॥
वहु-मोल सु कोमल वस्त्र अंग,
भूषन मणि-जटित सुवर्ण संग।
जरवाफ+- आदि पहरै वनाय,
नर लसत मनौं सुर[1] वसे आय ॥१२५॥
नारी सुंदर अति चतुर चार,
झीनें पट++ भूषणजुत सिंगार।

---

१२२ : १ जडत। २ जडिया।
१२३ : १ रचै। २ परिजापति।
१२४ : १ हौं।
१२५ : १ स्वर।

---

†An artisan expert in silver or zinc plating.
‡Sk वैकटिक A diamond cutter.
*An artisan who sharpens the blades
††cf, Bihari Satsal. "उडी गुडी लखि ललन की, अगना अगन माह।
वौरी लो दौरी फिरत, छुवति छबीली छाँह ॥३५॥"
An undated Maithili song refers to kite (गुड्डी) thus.
"गुड्डी उडै आकाश मे, नागा हमरा पास मे।"
‡‡Wine-seller.
**A potter.
+-Embroidery.
++Clad in fine clothes.

सुकुमार स्वकिय पिय मन हरंत,
देवांगना[1] न समता करंत ॥१२६॥
पुर-छोर[†] वशी वारांगनां[‡] सु,
वहु करत नांच मनु अपछरा सु।
तिनकौ लषि सुनि संगीत-गांन,
वहु देत रसिक जन रीझि दांन ॥१२७॥
अव सुनहु भूप संपति वयांन,
वरनौं कछू क मोमति प्रमांन।
यक[1] हुतौ वाग तिँह[2] जै-निवास,
नृप रच्यौ वड़ै जयस्यंघ[*] तास ॥१२८॥
ताकौं लषि नंदन-वन लजात,
जल-जंत्र फुहारे वहु छुटात।
तिनतैं ग्रीषम[1] की मिटत झार,
विन समै होत पावस वहार ॥१२९॥
मधि हैं अनेक पादप रसाल,
कहु[1] नूत[2] नूत नूतन[††] तमाल।
कहु[3] वकुल[4] केलि अंजीर वेर,
कहु सेव नासपाती नरेर ॥१३०॥
कहु पारिजात पीपलि[1] लवग,
पिस्ता विदांम केसरि सुरंग।
कहु पनस पुंगि[2] महुवा अरिष्ट,
गूलर कपिथ्थ[3] दाड़िम सुमिष्ट ॥१३१॥

---

१२६ : १ देवागना।
१२८ . १ इक। २ तँह।
१२९ : १ ग्रीषम।
१३० : १ कहु। २ तूत। ३ कहु। ४ वकूल।
१३१ · १ पीपरि। २ पंग। ३ कपित्थ।

---

†At the extremity of the city walls
‡ Prostitutes
*Mirza Raja Jai Singh (b. 1611—d 1667 A.D.)
††Mark the 'yamak' here.

कहुं ताल हिंताल सु वीजपूर,
भल्लात-वेलि परवर षिजूर[1]।
कहुं आंमिलवेत जमूनि निंव,
करणा नारिंग सु पक्क विंव ॥१३२॥
अभया विभीति[1] आमिल छुहांर,
कहु दाष ईष ऐला[2] अपार।
जाती फुलन्यौज[3] जभीर वोट,
सीताफल मीठे हैं षरोट ॥१३३॥
वहु फूले वृछ[1] अनेक जाति,
करणा केतगी कदंब-पांति।
केवरा कुंद चंपा गुलाब,
मचकुंद सेवती मोगराव ॥१३४॥
कहु गुल व[1] गुला फूल्यौ नवीन,
कहु कुसम फिरंगी गुल[2] अचीन।
गुललाला दाऊदी हजार,
कहु गुलहवास रंग वहु प्रकार ॥१३५॥
चंदन असोक कहु[1] कोविदार,
वंधूक वहुरि सिंगार-हार।
ईह[2] विधि फूले वहुवृछ[3] वेलि,
तिन मांहि भ्रमर मन करत केलि ॥१३६॥

अरिल अन्योक्त[1] :

सीतल मंद सुगंध पौंन सचु पायकैं,
सघन छांह मै वैठि विहगम आयकैं।
नैन मूंदि अति चैन भरे अव रेषिऐ,
मनौं महा मुनि लीन वृह्ममय देषिऐ ॥१३७॥

---

१३२ : १ षजूर।
१३३ : १ विभीत। २ एला। ३ फलन्यौं।
१३४ : १ व्रिछ।
१३५ : १ वु। २ अरु।
१३६ : १ कहु। २ इह। ३ व्रछि।
१३७ : १ अरिल only.

विरह-वेदना कहत मनौं पिक टेरिकै,
सुनत भौंर हुंकार देत मन फेरिकै।
तरु-वेलनि कै रहे फूल-फलझूलि वे,
देखत सुर नर आत-जात मग भूलि वे ॥१३८॥
वहुरि ताल यक[1] तालकटौरा है तरै,
मनौं सरोवर मान देखि छवि कौं हरै।
वहुरि सवाई जयसागर यह[2] नाम है,
ताकी तीरन[3] सुभटादिक[†] के धांम है ॥१३९॥
विमल नीर तें भरे लखै आंनद ह्वै,
पछी-गन तहँ विहरत आय सुछंद ह्वै।
चक्रवाक चातिक[1] चकोर चहु देखिऐ,
कहुं कपोत कलहंस कोकिला पेखिये ॥१४०॥
कहूं मोर नाचत छत्री करि चावसौं,
कहु सारिस कहुं वुग ठाढे इक पाव सौं।
कहूं वैठि कलवक संक तजि रति करै,
कहु ट्टिट्टभि कुकटनु आदि वहू षग तिरैं ॥१४१॥
कहूं करत नर कांमिनि आय सनांन कौं,
मनौं सुरसुरी[1] आए छाड़ि[2] विमान कौं।
वहुरि मांनसागर यक दीरघ ताल है,
तामैं सरिता मिली सु अति सोभा लहै ॥१४२॥

दोहा[1] : या विधि कछु सछेप[2] से, वरने सरवर वाग।
अव नृप मदिर वर्न[3] कछु, सुनिऐ करि अनुराग ॥१४३॥

छंद पद्धरी : लषि वाग सघन अदभुत नरिंद,
वनवाऐ ता मधि महल-वृंद[1]।

---

१३९ १ इक। २ इह। ३ तीरनि।
१४० १ चातिग।
१४२ १ स्वर-स्वरी। २ छाडि।
१४३ . १ दौहा। २ संषेप। ३ वरन।
१४४ : १ विंद।

---

†Feudal-chiefs.

सतषणे[२]† कलस सुवरण[३] उतंग,
तिना[४] परि ध्वज फहरत[५] पंचरंग‡ ॥१४४॥
आंगन फटिक स मलै पषांन,
मनु रचे विरंचिजु करि सयांन।
दै[१] आव सलिल सम तिह वनाय,
तँह प्रगट परत प्रतिविंव आय ॥१४५॥
मणि-कचन-जटि मधि करी भींति,
दुति लषी परत लषि कै पछीति।
जँह कनक-पाट दीने[१] कपाट,
किय जटि विडूर* सोपांन वाट ॥१४६॥
मणि-षचित षंभ मधि जगमगात,
मनु रतन-सांन वहु विधि लसात।
वहु रची चित्रसाली[१] विसाल,
राजिंद्र[२] रमत तँह सहित वाल ॥१४७॥
कवहू मणि-मंदिर मांहि जाय,
तिय दूजी लषि प्यारी रिसाय[१]।
तव मांनवती लषि पिय हँसाय[२],
कर जोरि २ लेहैं[३] मनाय ॥१४८॥
मणि-जटित कुंभ अति जगमगांहि,
वहु भरे सुव्व[१] जल तै लसांहि।
दधि - दूव - धूप - जुत - हेम सार[२],
सोहत अंतहपुर द्वार द्वार ॥१४९॥

---

१४४ : २ सतषणें। ३ कंचन। ४ तिन। ५ फैहरत।
१४५ : १ दे।
१४६ : १ दीन्हैं।
१४७ : १ चित्रसारी। २ राजेंद्र।
१४८ : १ रिसाइ। २ हसाय। ३ लैहैं।
१४९ . १ सुद्ध। २ थार।

---

†The poet refers to the Chandra Mahal Palace, the following are the names of the seven storeys, Chandra Mahal, Pritam Niwas, Sukh Niwas, Shobha Niwas, Chabi Niwas, Sri Niwas and the Mukut-Mahal.

‡The royal banner of the Kacchawaha Rajputs of Amber.

*Sk. वैदूर्य।

प्रीतम[1]-निवास फुनि सुष निवास,
बैठक दीवांन सभा-निवास।
फुनि चंद्र-महल[2] आदि जु अवास,
कवि करै कहां लौ वरन तास ॥१५०॥
ऊचे दरवाजे सुगम वाट,
कंचन-सम जटित वने कपाट।
लगते वनवाऐ चौक ईस,
तँह रहैं कारषांने छतीस ॥१५१॥
यह[1] हुतौ कारषाने[2] त नौंस†,
पारसी‡ नांम ता मद्धि दोस।
नृप काढि हिंदवी नांम कीन,
गृह-संग्या* यह ठांनी नवीन ॥१५२॥
गज-ग्रह मैं गज मद झर लसात,
ऐरावत हू तिनु लषि लजात।
सुंडिन मैं ते लैकै पहार,
फैकत है पारावार†† पार ॥१५३॥
वहु अस्व-साल[1] मधि है[2] तुरग,
राजत है सुंदर अति उतग।
फेरत'र के विनु मैं फिरै सु,
मन[3] पवनहु तै आघे कढैं सु ॥१५४॥
फुनि रतन-गृहै अरु धन-भंडार,
तिनके वरनन कौ है न पार,
इन आदि ग्रहै[1] जो हैं समस्त,
भरि पूरि रहो तिन मांहि वस्त ॥१५५॥

१५० १ प्रीतिम। २ महैल।
१५२ : १ येहु। २ कारषानै।
१५४ : १ अश्वसाल। २ जे। ३ मनु।
१५५ १ Aग्रैहै।

†In as much as,
‡Persian.
*Nomenclature
††Ocean

छंद : मत्री घने[1] बुधिवांन है[2], जानै जिन्हैं सु जिहांन है।
सौंप्यौ तिन्है नृप भार कौं, हक देत -है हकदार कौं ॥१५६॥
अंगी† अनेक षवास ते, अति चतुर गिनत उसास ते।
वहु कांम के वहु भांति के, संपति सहित सुभ कांति के ॥१५७॥
वहु सुभट सजि आवै जहां, वैठै सभा मधि नृप तहां।
जैसै हुकम भूपति करै, तैसै करैं नांही टरै ॥१५८॥
इन आदि चाकर हैं जिते, हक पाय राजी ह्वै तिते।
प्रभु-भक्ति करि जस गात हैं, सुष माहि द्योंस वितात हैं ॥१५९॥

दोहा : पाचौं विधिजुत राज परि, राजत कूरम भान।
रैति‡ सुषी भडार वहु, नीति सु दांन क्रपांन ॥१६०॥

छंद पद्धरी. चहुधा पुर[1] कै गिर है उतंग,
तिनपै गढ बनवाऐ[2] उतंग[3]।
पूरव दिसि गढ रघुनाथ[4] नांम,
तलि तीरथ गलता है सु ठांम ॥१६१॥
दक्षिण दिसि संकर-गढ अनूप,
वनवायो माधवस्यघ भूप।
हथरोही कौ गढ दुतिय जांनि,
पछिछम[1]हि सुदरसन गढ वषांनि ॥१६२॥
उत्तर अंवावति है सुथांन,
तापै स्वाई जै-गढ महांन।
उत्तर दक्षिण[1] की कूंण पाय,
इक ब्रंह्मपुरी* दीन्ही वसाय ॥१६३॥

---

१५६ : १ घनै। २ है।
१६१ : १ चहुघांपुर। २ A वनवाऐ। ३ अभग। ४ रुघनाथ।
१६२ १ पछिम।
१६३ १ पछिम।

---

†Bodyguards
‡The Rayyiat
*For Brahmins to reside there

कवित[1] प्रथम कुमर पदई मैं वड़ी जंग जीत्यौ,
प्रतापीक : कूट्यौ दल दषिनी[2] कौ, गहें सर चाप सौ।
वूंदी जिन रूंदी कोटावारे पर डंड लयो,
सवही सराहत सवाई भयो[3] वाप सौं॥
विरचि वचैंगे न मवासे महि मंडल मैं,
संमृति विचारि जे वचैंगे जय जाप सौं।
सवाई ईस्वरसिंघ[4] महाराज[5] नरनाह,
रांग भयो रांनां तेरे पावक प्रताप सौं॥१७२॥

दोहा : वहुरि पाटि वैठे नृपति, रांमपुरे तै आय।
भाई माधवस्यंघ जू, दुरजन कौं दुषदाय॥१७३॥

कवित्त : जिन रांमपुरे मैं करी निज चाकरी,
सो घरि राषी विचारि हिये।
फिरि पाय कै राज ढुंढाहर कौ,
सु नऊ निधि के सुष आंनि लिये॥
भनि 'राम' कृपातै भले ही भलै,
अमरेस के से जिनु दांन दिये।
हरि ऐक सुदांमां निवाज्यो[1] कहूं,
नृप माधव केई सुदामां किये॥१७४॥

सोरठा : दिये दिवाये दांन, जस प्रगट्यो दसहूं[1] दिसनि।
उवै जगत परि भांन, राज कियो[2] यम[3] मुलक परि॥१७५॥
आगै नृपति अनंत, जतन किये आयो[1] न गढ।
रणथंभौर महंत, सौ माधव सहजै लह्यौ[2]॥१७६॥

कवित्त[1] : ऐसी मौज कढत सवाई माधवेस कर,
सुवरन-झर ज्यौं प्रवाह नदी नद के।

---

१७२ १ कवित्त। २ दक्षिनी। ३ भयो। ४ ईश्वरस्यंघ। ५ महाराजि।
१७४ . १ वाज्यो।
१७५ १ दसहौं। २ कियो। ३ इम।
१७६ १ आयो। २ लयो।
१७७ १ कवित्त अन्योक्त।

छंद पद्धरी :

अब सुनिऐ भविजन वात ऐक,
देहुरे वने पुर मै अनेक।
सोहत सुंदर सिव विस्नु[1] जैन,
तिनकी उपमा[2] कहतें वनै न ॥१८४॥
षटमत के नर-नारी प्रवीन,
निज धर्म मांहि निति रहै[1] लीन।
तिन मांहि देहुरा ईक[2] विसाल,
तँह राजत नेम प्रभू दयाल ॥१८५॥
लसकरी नांम कहियत महांन,
मनु रच्यौ विरंचिजु करि सयांन।
मधि चौंरी प्रभुकी मत प्रमांन,
अति वनी फटिक सम लगि षषांन ॥१८६॥
ता मांहि जटित है स्यांम संग,
मनु लसत नील मनि[1] अति सुरंग।
चित्राम वन्यौ तामै अनूप,
लखि[2] भविजन पावत निज सरूप ॥१८७॥
पंडित तहां राजत है कल्यांन,
वहु तरक न्याय वांचत पुरांन।
निज धर्म[1] कर्म मै सावधांन,
विन धर्म वात जिनकै न आंन ॥१८८॥
गुनकीरति यक मुनिवर महांन,
तप करत अधिक जिनमत प्रमांन।
तिन[1] आग्या दी यह रचहु गृंथ[2],
जामै वहु विधि ह्वै जैनि पथ ॥१८९॥
मुनि सघ गछ्छ ह्वै[1] आमनाय,
जिनकी उतपति कहिऐ वनाय।

---

१८४ : १ विश्नु। २ उपमा।
१८५ : १ रहैं। २ इक।
१८७ : १ मणि। २ लषि।
१८८ : १ धर्म्म।
१८९ : १ तिनु। २ ग्रंथ।
१९० : १ गण।

तिन मांहि फटे[†] हैं गछ अनेक,
गहि चलन नऐ सु कहौं प्रतेक[२] ॥१९०॥
फुनि मुनिजन कौ जो चलन धर्म[१],
तिनकौ हू विधिवत कहऊ[२] मर्म।
प्रभु महावीर तैं[३] जे मुनींस,
अवलौं भट्टारक है जतीस ॥१९१॥
इन[१] जहां जहां पायो पदस्त,
सोहू वरन[२] करिऐ समस्त।
श्रावग[३] के हैं जो खांप[४] गोत,
तिनकौ वर्नन[५] करिऐ उद्योत[६] ॥१९२॥
फुनि अहोरात्रि किरीया[१] करैं सु,
जिन धर्म जु जैनी जिम धरैं सु।
विधि दया[२] दांन की कहौं सर्व,
तिम श्रावग साधहि त्याग गर्व ॥१९३॥
श्रांवग मुख वात कहैं कित्तेक[१],
जिनमत की वहु विधि करि विवेक।
सोहू धरिऐ या गृथ माहि,
लखि ससय भविजन के[२] मिटाहि ॥१९४॥
यह आग्या पाई वखतरांम,
गोत है साह चाटसूं[‡] ठांम।
पडित कल्यान तैं विनति कीन,
यन[१] कौ हू गृंथ रचैं नवीन ॥१९५॥

---

१९० · २ प्रत्येक।
१९१ १ धर्म्म। २ कहहु। ३ तैं।
१९२ · १ इनु। २ वरनन। ३ श्रावक। ४ पाप। ५ वरनन। ६ उद्योत।
१९३ : १ किरिया। २ दया।
१९४ १ कितेक। २ कै।
१९५ · १ इन।

---

†Divided
‡About 27 miles S-E of Jaipur.

फुनि चांदूवाड़ सत्तोषरांम[1],
भावसा रूड़मल बुद्धि धांम।
मिलि कही ग्रंथ रचिऐ अनूप,
जातै जानै जिनमत सरूप ॥१९६॥
इम इनकी अधिक सहाय पाय,
वरनत हौं अब कविता बनाय।
जो यामै चूक कछूक होय,
लषि हसहु न दुरजन सजन लोय ॥१९७॥

दोहा : प्रथम ग्रंथ हौ संसक्रत[1], नीतिसार† हितकार।
ईंद्रनंदि मुनि करि रचित, जिन वांनी अनुसार[2] ॥१९८॥
जिनमत में तै और मत, तूतन चले कितेक।
तिन परि संसय मिटन कौं, रच्यौं ग्रंथ यह ऐक ॥१९९॥
तव ताकौ कीन्हौं अरथ, पंडित महा कल्यांन।
वखतरांम भाषा करी, ताही तनै प्रमांन ॥२००॥

प्रथम भाषा ग्रंथ की

चौपई : श्रीजिन नेम जगतत्रय नाथ, तिनकौं नमौं जोरि जुग हाथ।
जे जग मांही मुनि अनगार, परम तत्व के जाननहार ॥२०१॥
तिनकी संपति महा मनोग्य, सुरपति करि सराहिवा जोग्य।
तिनकौं नीतिसार यह ग्रंथ, कहि हौं[1] सकल चलन सुभ पंथ ॥२०२॥

---

१९६ . १ सतोषराम।
१९८ : १ सस्कृत। २ अनुसरि।
२०२ : १ है।

---

†Publd as No. 13 of the 'Manekchandra Digambara Jaina Granthmala', Hirabag, Bombay. It contains 110 stanzas, and in verse 70 the author Indranandin refers to Nemichandra. Other copies of the work have been found at Arrah, Bombay, Idar, Jaipur etc (H. D Velankar's 'Jinaratna Kosa' Vol I p 216) Two copies of the work are preserved in the Digambar Jain Bada Mandir, Jaipur, (Catalogue Comp. by Dr K. C. Kasliwal, pt. II) The author has been styled as इन्द्रनन्दि योगीन्द्र। 'Nitisara' is not a voluminous work. Most probably the author refers to Indranandin, whom Acarya Nemichandra holds as श्रुतसागरपारगामी in the Gommatasara.

वाही जंबूदीप मझारि, दक्षिण[1] दिसि लीजिये विचारि।
तामैं भरथक्षेत्र[2] ता माहि, मद्धि देस अति सुव वसाहि[3] ॥२०३॥
श्री म्हावीर जु सिवपुर गऐ, ता पीछै[1] जे मुनिवर भऐ।
यसौभद्र[2] लौं सकल छवीस, फुनि हुव भद्रवाहु मुनि ईस ॥२०४॥

दोहा : वन छवीस के नाम जो, देख्यौ चाहौ कोय।
वरनौं जहां पटावली, तामैं लषियो[1] लोय ॥२०५॥

चौपई : काल चतुरथ जु भयो वितीत, तव आयो पचम भयभीति[1]।
भऐ अवंती विक्रम भूप, भद्रबाहु मुनि हुते अनूप ॥२०६॥
ते तौ स्वर्ग पहौंचे[1] जाय, फुनि जो भईस सुनि मन लाय।
वे प्रभु वर्धमान जिनराय, तिनकौ मत भविजन सुषदाय ॥२०७॥
सघ वहुत प्रगटे ता मद्धि, यह विचित्र गति काल प्रसिद्धि।
निज इछा माफिक जग जवै, चलन लग्यौ आपस मै सवै ॥२०८॥
पाप ताप करि मोहित होय, काहू की मानत नहि कोय।
तव जे मुनि हे महा प्रवीन, परमाथी सु[1] आतम लीन ॥२०९॥
तिनकै मन[1] विचार अपनो[2], अपने और पराऐ तनौं।
जो इनकी वंधै न मरजाद, तौ न मिटै तस तनो विषाद ॥२१०॥

दोहा : ऐक-मेक ता सवनि की, लषि कै डरे महंत।
तव उत्तम[1] पुर षानि कै, निमत[2] विचारी संत ॥२११॥

सोरठा : संघ गछछ[1] गण सार, साषा ऐ च्यारौ सुविधि।
करिकै परम विचार, प्रथम सथापे मुनिनु के ॥२१२॥
ग्राम नगर कै नाम, खांप[1] गोत श्रावगनि के।
ठहराऐ लषि ठाम, सो अवलौं यह[2] प्रगट है[3] ॥२१३॥

---

२०३ . १ दषिण। २ भरतषेत्र। ३ वसाहि।
२०४ १ पीछै। २ यसोभद्र।
२०५ १ लषियौ
२०६ १ भयभीत।
२०७ : १ पहुचे। ।
२०९ . १ स्व।
२१० : १ मनि। २ ऊपनौ।
२११ १ उत्तिम। २ निमति।
२१२ . १ गछ।
२१३ . १ षांप। २ ए। ३ हैं।

दोहा : तामैं सब श्रावकन की, जिम उतपति है चारु।
सो तौ आगैं वरनि हौं इनकौ सकल प्रकार ॥२१४॥
प्रथम वरन मुनिगननु कौ, कीजत है सुभ जांनि।
ग्रंथन[1] के अनुसार तैं, सब जन कौ सुखदांनि ॥२१५॥

प्रथम संघादि-उतपति

चौपई . भद्रवाहु मुनिगन के ईस, तिनके पट मैं भयो मुनीस।
संवत छब्बीसा के साल, नाम तीन तिन लहे रसाल ॥२१६॥
गुप्त-गुप्त आचारिज भऐ, दुतिय नांम अर्हद[1] वलि दऐ।
त्रितिय विसाखाचारिज नांम, ताकै सिक्षि च्यारि अभिराम ॥२१७॥
इक तौ माघनंदि मुनिराय, व्रषा[1] जोग दिय तरु तलि जाय।
तिनकौ नंदिसंघ थापियो[2], गछ्छ सरस्वती निमापियो ॥२१८॥

चौपई[1]: पारिजात-गछ्छ[2] हू कहैं, गछ्छ-नांम ऐ दो निरबहैं।
गण थाप्यौ है बलातकार, साषा तिनकी थरपी[3] च्यार ॥२१९॥
नंदिकीर्ति[1] भूषण फुनि चंद, ऐतौ या विधि भऐ अमंद।
दूजे देवसिंह[2] मुनिराज, कहिऐ श्री जिन धर्म-जिहाज ॥२२०॥
सिंघ-गुफा मधि वरषा जोग, तिन मुनि दीहौ महामनोग।
सिंघ-संघ तिनकौ निरमापि, चंद्र-कपाट-गछ्छ दिय थापि ॥२२१॥
गण काणू[1] रस थाप्यो मुनी, साषा च्यारि नांम भवि सुनी।
आश्रव कुंभ सु सागर सिंघ, ईनमैं[2] लषिऐ ग्यान अभंग ॥२२२॥
तीजो[1] सिषि[2] सेनि मुनि भयौ, वृषा जोग कूं चाललि[3] दयौ।
सेनसंघ[4] पुसकर गछ धरचो, गणसूरस्थ[5] नांम यह करचो ॥२२३॥
साषा च्यारि सुणौं गुणधीर, सेन राजभद्र फुनि वीर।
चतुरथ सिंघि[1] देवमुनि इंद[2], वरषा जोग धरचो गुणवृंद ॥२२४॥

---

२१५ . १ गृथनि।
२१७ १ A अरहद।
२१८ १ वृषा। २ थापियो।
२१९ · १ A missing। २ गछ। ३ थापी।
२२० १ नवकीर्त्ति। २ देवस्यघ।
२२२ १ कांणू। २ इनमैं।
२२३ · १ तीजो। २ सिष्य। ३ चातलि। ४ सेन स्यंघ। ५ सूरस्छ।
२२४ . १ सिंघ। २ इद।

देवदता वेस्या घरि जाय, तप कीन्हौं तिन मन वच काय।
देवसघ[1] थाप्यौ तिन[2] तनौं, सोभित देवप्रभा सम मनौं ॥२२५॥
गछ पुसतकगण देसी ठानि, साषा च्यारि करीऐ जानि।
देवदत्त पुग फुनि नाग, तिनकौ है जग मैं सोभाग ॥२२६॥
जिहि जिहि[1] थांनक मुनि दिय जोग, तिह विसेष किय नाम सँजोग।
इम साषा गण गछ संघ सवै, थपे मुनी अर्हद[2] वलि तवै ॥२२७॥
इन च्यारिनु कौ कियौ मिलाप, मेटन कौं जग को अघ ताप।
च्यारिनु मैं दीक्ष्यादिक[1] कर्म, तिनमैं भेद नही को भर्म ॥२२८॥
फुनि पडकमणा प्राछत[1] जान, ग्रंथ अचार सु और पुरांन।
तिन कै मधि विसेषि[2] को संत, भेद न जानहु[3] सकल महंत ॥२२९॥
इनकी आमनाय मैं कोय, जो जिन विंव प्रतिष्ट्यो होय।
जे भविजन है या जग माहि, ताहि मांनियौं संसय नाहि ॥२३०॥
औ संघ कीजो अमनाय, तामैं विंव प्रतिष्ट्यो जाय।
ताहि मानिवो नहि कुल-रीति, वामै न्यास तणी विपरीति ॥२३१॥
ऐही सघ जगत मै सार, स्वै परमोक्ष दिषावनहार।
इनमैं भेद कियौ जो चहै', नहि समकिती मिथ्याती वहै ॥२३२॥

अथ आचारिज आदि गृहस्थाचार[1]-यति[2]-वर्नन

चौपई : जे मुनि पालै पंचाचार, ह्वै वे ता मुषि मूलाचार।
सोही च्यारि सघ मैं मांनि, आचारजि कहिऐ गुनखांनि ॥२३३॥
नय अनेक करि साख सकीर्ण, तिनके अरथ[1] माडि परवीण।
समरथ कर वामैं व्याष्यान, पचाचार माहि रत जान ॥२३४॥
सोही सही उपाध्या होय, अवै साधु-गुण सुणि भवि-लोय।
सकल परगृह[1] रहत[2] जु होय[3], करै नही व्याष्यान जु कोय ॥२३५॥

---

२२५ १ देवस्यघ। २ तिह।
२२७ १ जिह जिह। २ A अरहद
२२८ १ विष्यादिक।
२२९ १ प्राछित। २ वसेष। ३ जानहु।
२३२ १ वहै।
२३३ १ गृहस्छाचार्य। २ ति only।
२३४ १ अर्थ।
२३५ १ परिगृह। २ रहित। ३ सोय।

दिक्षा सिष्यादि करे[1] कर्म, तातै ह्वै विरक्त गहि धर्म।
मौनि[2] ध्यांनजुत ह्वै जो साध, ताहिं जांनियौं निर-अपराध ॥२३६॥
साख कला नाना परकार, तिनमै चतुर होय गुणधार।
गछ्छ वधांवन वुधि तिह तनी, ऊचे[1] मन कौ[2] ह्वै जो मुनि ॥२३७॥
फुनि वै[1] कातिवांन हू होय, ताहि भटारक कहिऐ लोय।
तत्व अरथ[2] सूत्रन[3] व्योष्यान, क्रिया-कलापन[4] मांहि सुजान ॥२३८॥
सो स्वामी कहियतु है चाहि, मुनि सत्तम हूं कहिऐ ताहि।
ऐतौ भेद मुनिनु के भणें, सुणहु ग्रहस्थाचारिज तणें ॥२३९॥
जो गृहस्थ[1] सुध[2] ह्वै कोय, जिनमत तणे साख जो होय।
तिनको[3] पढन-पढांवन-हार, करन-सुनन की ह्वै वुधिचार[4] ॥२४०॥
कथन सुनावत हू ह्वै चाहि, ह्वै अजीवका याही मांहि।
सवतै पूजनींक ह्वै रहै, ताहि गृहस्थाचारिज कहै ॥२४१॥

अथ मुनिजन कौं धर्मकार्य करवा कौ वा अधर्म-कार्य तजवा कौ वा जोग्य अजोग्य कारिज करवा न करवा कौ उपदेस वा श्रावक[1] कौं उपदेस वर्नन भाषा गृंथस्य।

चौपई : नंदि सिंघ देव फुनि सेन, ऐ उतकिष्ट संघ मत जैन।
तिनकौं जोग्य अजोग्य विचार, भाष्यौ नीतिसार मै सार ॥२४२॥
इन च्यारिनु के है मुनिराय, होय विसंघी तिनही सिवाय।
तिनकी पंकति-भोजन जांनि, करिवो जोग्य[1] नही सुषदांनि ॥२४३॥
वहुरि विसंघी लषि कै मुनी, न करि नमोसत यह गुर भनी।
च्यारयो[1] मिलि नसि असन करांहि, तामैं दूषन भाष्यो[2] नाहि ॥२४४॥
फुनि मुनि सावधांन ह्वै घणौं, श्रावक-संघ विसंघी तणौं।
तिनकौं करै न अंगीकार, कीऐं लागत दोष अपार ॥२४५॥

---

२३६ १ कए। २ मौंनि।
२३७ १ ऊंचे। २ को।
२३८ . १ वह। २ अर्थ। ३ सूत्रांनं। ४ कलापनि।
२४० . १ गृहस्त। २ सुद्ध। ३ तिनकौं। ४ वुधि चारु।
२४२ : १ श्रावग।
२४३ . १ ज्योगि।
२४४ : १ चारयौं। २ भाष्यौं।

विसंघीन[1] को[2] सेवग[3] होय, वह श्रावक जो अपणो[4] कोय।
ताकी गृहण करै नहि दोष, निज मत कौं करिवा कौं पोष ॥२४६॥

अरिल : मिथ्यादृष्टि तणी परीष्या कीजिए,
तवही वाकौं निजमत दीक्ष्या दीजिऐ।
विना परीक्ष्या दरसण-मत की हांस्य ह्वै,
वहुरि आप अरु धर्म तणौं भी नास ह्वै ॥२४७॥

छंद गीता : लषि वाई श्रावकणी अजिका जिह थांनक मैं वसती होय।
वहुरि[1] मंडो[2] चित्राम-तणी ह्वै फुनि ह्वै और जाति की कोय[3] ॥
इनकै ढिगि ह्वै काम उदीपन मन अति चंचल ह्वै गुन षोय।
तिह थानक मुनिराज सर्वथा[4] निसि मैं सुष सोवहु मति कोय ॥२४८॥

दोहा चित्र तणी हू फूलती, लषि उपजत अनुराग।
तौ प्रतक्ष तिय सगि[1] रहैं, क्यौं न लगै मुनि-दाग ॥२४९॥
राह माहि भी अजिका, साथिन मुनि चालंत।
आगै भी इन सग तैं, दूष अति पाऐ संत ॥२५०॥
होय अकेली जो तिया, ताकै संगि मुनीस।
भोजन करै न वैठही, गोष्टि करै न भलीस ॥२५१॥
जिह जिह[1] थानक कै विषै, इद्री धरै[2] विकार।
ताहि छाडि मुनिवर करै, चारित रक्षा-सार ॥२५२॥

छंद गीता : सामायक सतवन वंदन फुनि पड़कमणौ[1] अर[2] प्रत्याक्ष्यान[3]।
वहुरि करै कायोतसर्ग सव ऐ षट कहे आवसिक जांन ॥
ऐ किरिया तजि और[4] क्रिया कछु करहि न वहुरि गीत वाजित्र।
रसमय चित अनुरागि सुनैं नहि तजै रहै मुनि सदा पवित्र ॥२५३॥
जिह जिह साख और विद्या करि समकित[1] सजमादि गुण हांनि।
होत मुनिनु कै सो सव सेवन छाड़हि जे मुनिवर गुनषानि ॥

---

२४६ : १ विसघीनि। २ कौं। ३ सेवक। ४ अपणौं।
२४८ १ वहुर। २ मडो। ३ जोय। ४ सरबथा।
२४९ : १ सँग।
२५२ : १ जिह जिह। २ धरं।
२५३ . १ पडिकमण। २ अरु। ३ प्रत्यांक्ष्यांन। ४ ओर।
२५४ १ समकित।

अजिका सिष्य गृहस्थ आदि नर थोड़ी वुधि वाले जो[२] होय ।
तिन आगै सिधांत आचार सु गृंथन वाचहि जे मुनिलोय ॥२५४॥
होय[१] विसंघी जती सु तिनकौं गृंथ सिधांत अवर आचार ।
कवहू नाहि सुणाय पढावहु सुणिवौ हू वनकौ नहि चार ॥
वहुरि वंदना पीछै[२] पहली कवहूं करिवो नांहि न[३] जोग्य ।
अैसै कही सासत्रिन[४] मै गुरु धारहि ते मुनि महामनोग्य ॥२५५॥

छंद अरिल[१] : दीषित[२] होय नवीन मुनीस्वर जासकौं,
वडी अर्जिका होय सु वेदै[३] तासकौं ।
भक्तिभाव करिकै सव संका यरहरै[४],
अजिका तै मुनि प्रथम वंदना नाहि करै ॥२५६॥
अजिका आप नमोस्त मुनी कौं जव करै,
कर्मक्षयोस्तु समाधिरस्तु मुनि ऊचरै ।
श्रावग करै नमोस्त जपै मुनिनाथ सौ,
धर्म-विधी[१] देवै तव मुनि निज हाथ सौं ॥२५७॥
मिथ्याद्रष्टी[१] भी कोई वंदन कहै[२],
परि वह भले वरण कौ ह्वै निज कौं चहै[३]।
ताहि मुनीस्वर धर्मविधि[४] कहि अघ हरै,
सूद्रनि कौं कहि धर्मलाभ राजी करै[५] ॥२५८॥
समकित दरसण[१] करि चांडाल जु सुद्ध ह्वै,
करै वंदना मुनि कौं[२] मुनी सुवृद्ध ह्वै ।
पापक्षयोस्तु कहै ताकौं सुभ वै नहीं,
वाकौं और कहन की विधि कछु हैं नही ॥२५९॥

कवित्त . गायक तमोली तेली माली छीपी कोटवाल,
वहुरि कलाल मद वेचै है वनाय कै ।

---

२५४ · २ जे ।
२५५ . १ होत । २ पाछै । ३ नु । ४ सासत्रिनि ।
२५६ : १ A अरिल only । २ दीक्षत । ३ वदै । ४ परि हरै ।
२५७ : १ वृद्धि ।
२५८ · १ दिष्टि । २ कहैं । ३ चहैं । ४ वृद्धि । ५ करै ।
२५९ : १ A दरण । २ कौं ।

वेस्या और दाई फुनि मांगि षाने वाले,
जन मद वेचै पीवै तिन संगि रहे चाय कै ॥
केते नींच कर्म करि आजीवका पूरी करै,
इन आदि सूद्रह नै जीवनि उपाय कै।
तिन कै मुनीस सावधांन ह्वै जो,
धर्म माझि करै न अहार धरि सर्वथा हीं जाय कै ॥२६०॥

छंद गीता : महा मिथ्याती के घर मै मुनि भोजन नाहि करै इम जानि।
वनकै[1] वस्त सदोस वायरै तिह[2] कारणि[3] त्यागै दुषदांनि ॥
यातै भलो रसोई करि निज जो जीमण ठानै तौ ठांनि।
भाषी अधिक दोष लषि कै भवि निश्चै नयन कही यह वानि ॥२६१॥
ह्वै मध्यांन समै तवही लषि दीन अनाथ दुषी को जीव।
तिनकौं भोजनादि वस्तनि[1] कौं हित करि कै द्रावत[2] सदीव ॥
इह[3] विध[4] करत[5] सावधानी जे दयाभाव उर[6] धारि मुनिंद।
पूजनीक ते[7] मुनिनु माझि ह्वै करहि प्रससा तिनकी इँद ॥२६२॥
मुनिवर होय तावड़ै ठाढे फुनि छाया कै मधि आवत।
छाया तै चलि जात तावडै[1] काहू कारणि[2] जे गुण संत ॥
काली धरती तैं गोरी मधि गोरी तै काली मैं जात।
दया जानि जीवनि की लै करि पीछी सोधत है निज गात ॥२६३॥
रुके होय घर जा गृहस्थ[1] के वँधे होय सु[2] आंगन मांहि।
विण[3] त्रिण वहुरि अन्न सूकत इन आदि जु कर्म सदोष[4] लषाहि ॥
भोजन करै नही मुनि ता घरि दोस न ह्वै ता कै घरि जाय[5]।
ठाढे सात स्वास लौं रहि फुनि दाता न ह्वै और[6] घरि जाय ॥२६४॥

चौपई[1] मुनिवर भलो[2] वुरो[3] भी कोय, अपणो और परायो[4] होय।
भूष मरत लषि कै अंन-दान, देहु गृहस्थ विलवन ठांनि ॥२६५॥

---

२६१ : १ उनकै। २ तिह। ३ कारण।
२६२ : १ वसतनि। २ द्यावत। ३ इह। ४ विधि। ५ करै। ६ कौं। ७ जे।
२६३ : १ तावडै। २ कारण।
२६४ : १ ग्रहस्छ। २ पसु। ३ विन। ४ दोस। ५ आय। ६ और।
२६५ : १ चोपई। २ भलो। ३ वुरो। ४ परायो।

छपै : सम्यकद्रष्टी[1] होत[2] ग्यान चारित्र धरै विनि।
सो अतिसय करि पात्र होय आचर्ण[3] करै मुनि॥
मिथ्याद्रष्टि होय ग्यान चारित कौ धारी।
सो नहि पात्र कहात कुमारग[4] को अधिकारी॥
जे होत सुपात्र सुमारगी तिन्है दांन देवो जुगति।
मति पाषंडी कौं देहु भवि दिऐ वढै मिथ्या कुगति॥२६६॥

सोरठा : जीरण ह्वै जो कोय, प्रतिमा पोथी देहुरा।
फिरि थापें अति होय, पुंन्य न ऐहू करण तै॥२६७॥

सवैया : सूतौ तथा चित्त द्वै उदविघ्न[1], करै मल मूत्र किधौ जवही को।
कर्म क्रत्तौ होय निंदिहू ताहि, करे नहीं वंदना साध-रतौ को॥
ह्वै सावधांन जवै सव ही विधि, धर्म औ ध्यान मै लीन जतौ को।
ताही मुनिस कौं वंदना जोग्य, कही करवो सु भलौ[2] सवही कौं॥२६८॥

दोहा : करि नमोस्त निरगृंथ कौं, अजिका कौं वंदांम।
उत्तिम[1] श्रावग कौं करै, निज मुष तै इछांम॥२६९॥
भोजन नमरण सु आदि को, जे हैं रीति सुजांण।
पूर्वाचारिज मांनि ह्वै, सोही करहु प्रमांण॥२७०॥

सोरठा पूर्वाचार्य उलंघि करै, रीति वोछी अधिक।
वह मिथ्याती संघि, वड़े पुरिष वंदै नहीं॥२७१॥

छंद पद्धरी : मुनि ऐकाकी जु करै विहार,
पावै नहि धर्म कहूं लगार।
दूजे मुनिकै रहिजे जु[1] संग,
तव हीयै है सुभ धर्म अंग॥२७२॥
मुनि पांच च्यारि फुनि कहैं[1] तीन,
तिनहीं कै साथि मुनि नवीन।

---

२६६ : १ दिष्टि। २ होय। ३ आचरण। ४ कुमारिग।
२६८ : १ उदविग्न। २ भलै।
२६९ १ उत्तम।
२७२ : १ सु।
२७३ . १ कहे।

करिए विहार इक रहहि[2] नांहि,
गिणती कौ ह्वै वह गल्छ मांहि ॥२७३॥
मद मास मधू विनि मंत्र साधि,
वहु करत सिद्धि देवनि अराधि।
जे मद आदिनु तै होत सिद्धि,
ताकौं असिद्ध कहिए नषिद्धि[1] ॥२७४॥
मुनि धारि रहै तन वस्त्र सील,
निरगृंथ पणौ राषै सुडील।
त्यागण ह्वै जो निज देह प्रांण,
नहि जोग्य वस्त्र गृहणौं[1] प्रमाण ॥२७५॥

चौपई : पंच प्रकार वस्त्र करि हीन[1], जे सजम धर मुनि-तन षीन।
भींटत राषत दर्व्य न हीन, मांनत तिन्है पुरिष परवीन ॥२७६॥
कवहू नेत नहीं मुष सोधि, ठाढे जीमत दयापयोधि।
भेट संघ सौं ले नही रती, ते जग माही साचे जती ॥२७७॥
दीक्ष्या[1] दाता फुनि जु पढावै, आचारादिक गृंथ वंचावै।
दोषरहित गुणसहित जु होई, ताहि गुरू कहिए भवि-लोई ॥२७८॥
मूल संघ गण गछ्छ सुपात्र, जुक्त होय मुनि जैनी मात्र।
सवही गुरु करि मानौं जेह, इनमैं और न करि सदेह ॥२७९॥
पुस्तकसंघ वृद्धि के काज, अलप अजाच्यौ धन रिषराज।
कालदोष करि जे राषंत, तिनकौ दोष नहीं हे संत ॥२८०॥

दोहा : अब फुनि वरसा सैकड़ा, पाछै जाहु सरीर।
तजै न मारिग सर्वथा, जे विवेकधर धीर ॥२८१॥

छंद पधरि : जिह मुनि कौ चित ह्वै सदा सुद्ध[1],
लगि रह्यौ आतमां मैं सुवुद्ध।

---

२७३ २ रहहु।
२७४ : १ निषिद्धि।
२७५ १ गहणौं।
२७६ १ हीण।
२७८ १ वीक्षा।
२८२ १ सुध।

ताकौ नृप वा श्रावक जु होय,
यौं ही करवा समरथ न कोय ॥२८२॥
लषि वस्तिकांनि[1] मैं मुवो जीव,
पंचेंद्री फुनि लोही अतीव।
मुनिवर कौं रे भवि तास मांहि,
पडिकमणौं करिवो जोग्य नांहि ॥२८३॥

चौपई . मुनि दिगंवर जे गुणग्राही, वांचत है सिद्धांत सदा ही।
ते एते दूषन[1] कौं टारैं, तव ही इनके वैन उचारैं ॥२८४॥
वांचत विख्यान वैठत पाटैं, भूमि षेत्र ले सोधिनि राटैं।
ह्वै निरजीव तहां ही वांचै, वहुरि विनय तैं अति ही राचै ॥२८५॥
ते उतकिष्ट[1] मरण कौं करिहैं, सुभ गति मांझि पाव वे धरिहैं।
करत वंदना जव प्रभु काजै, ऊंचे आगुल[2] चवलौ[3] राजै ॥२८६॥
वहुरि समै संध्यारज वरषै, गृहण सु उलकापातहि परषै।
चमकत वीज मेघ वहु गरजैं, तवहूं वाचत नहि मुनिवर जे ॥२८७॥
विनहीं काल सुद्ध हू भाषै, तेहू फल आछे नहि चाषै।
अध्यातम सिधांत आचार[1], गृंथ प्रायश्चित किरियासार ॥२८८॥
विनि विधि वाचन तजौ प्रसंगा[1], फुनि ह्वै कोय विसंघी संघा[2]।
तिन हूं कै संगि वाचत नाही, यह गुर नीकै सीष वतांही ॥२८९॥
करत प्रायश्चित जे मुनि चोषा, साख मांझि देखि वह दोषा।
'माफिक गृंथ प्रायश्चित देणां'[1], घटि वढि देय[2] दोष क्यौं लेणां ॥२९०॥
गणधरांनि की तौ गुर-भक्ति, करि अति नमसकार कै जुक्ति।
मुनि नवींन दीक्षत ह्वै ताहि, वंदन प्रति वंदनां कराहि ॥२९१॥

मुनि सास्त्र-करता नांम-वर्नन

अरिल[1] : भद्रवाहु श्रीचंद वहुरि जिनचंद है,
तिनकी मुनिवर-गन मैं वुधि अमंद है।

---

२८३ · १ वस्तकांनि।
२८४ : १ दूषण।
२८६ · १ उतकृष्ट। २ आगुल। ३ चउलौ।
२८८ : १ आचार।
२८९ : १ प्रसग। २ सग।
२९० · १ 'माफिक दोष प्रायश्चित देणा'। २ देइ।
२९२ . १ छद अरिल।

गृधपछि[२] फुनि लोहाचारिज नाम हैं,
ऐलाचारिज पूजिपाद अभिरांम है ॥२९२॥
वडे कवीस्वर[१] वीरसेनि[२] जिनसैनि[३] है,
इक दस ऐं गुणनदि भले त्तिनु वैन हैं।
सुमतिभद्र श्रीकुभ अवर सिवकोटि ऐ,
कहे सिवायन विस्वसेन जग वोटिऐ ॥२९३॥
गुणभद्राचारिज गुण अधिक विराज हीं,
है अकलंक रु सोमदेव छवि छाजही।
प्रभाचंद अरु[१] नेमचद[२] मुनिराज है,
ऐ ईकईस[३] भऐ गुर धर्म-जिहाज है ॥२९४॥
इत्यादिक जे मूलसंघ-धारक मुनी,
जिनके रचे सासत्रिनि नांचत है दुनी।
तिनके वचननिं वाचि मांनिवो जोग्य है,
जे मानिहि ते जगमैं महामनोग्य है ॥२९५॥

दोहा रचे जु संघाभास मुनि, गृंथ भले भी कोय।
तिनहि वाचिवो मांनिवो, जोग्य नही भवि लोय ॥२९६॥
चौपई : ग्यांनभूषण ताकौ सिषि[1] ऐक, दूजौ ग्यांनकीर्त्ति सु विवेक।
दोऊ मिलि कै आधौं आधि, गछ मै लिये महाजन साधि ॥६२१॥
सव गुजरात वहुरि मालवै, फुनि मेवाड़ माहि तिनुनवै।
दिगंवरी इनकी अमनाय, सो विधि अवलौं चाली जाय ॥६२२॥

दोहा : पंद्रह सै इकहैतरे, निकस्यौ गछ ग्वालेर।
सिष्यि मुनी जिणचंद कौ, सिंघकीर्त्ति गुरमेर ॥६२३॥

अथ मंडलाचार्य उतपति वर्नन

पंद्रहसै सु वहैतरे, गछ थाप्यौ नागोर।
रत्नकीर्त्ति यह नांम भनि, निज वलवुधि कै जोर ॥६२४॥
भट्टारक न कहावई, मंडलाचार्य कहाय।
तिनकी वा दिसि मांहि वहु, फैलि गई अमनाय ॥६२५॥
फुनि सतरासै सत्तरे, थप्यौ पाट अजमेर[1]।
मंडलाचारिज दूसरो, तामैं नांही फेर ॥६२६॥
इनहीं गछ मै नीकस्यौ, नूतन तेरह पंथ।
सोलह-सै-तीयासिये, सो सव जग जानंत ॥६२७॥

---

६२० : १ यहै।
६२१ : १ सिष्य।
६२६ : १ अजमेरि।

ऐती विधि इनहू तजी, गुर नमिवो जग सार।
केसरि जिन-पद चरचिवो, पुष्प चढावन चारु ॥६२८॥
भोजन तनक चढात नहि, सषरो[1] कहि त्यागंत।
दीपग की ठौहर सवै, रंगि कै गिरी धरंत ॥६२९॥
न्हावन करत न विव को, इन है आदि कितेक।
भली तजी षोटी गही, तेको कहै प्रतेक ॥६३०॥
तिनकै गुर नाहीं कहूं, जती न पडित कोय।
वही प्रतिष्टा आदि की, प्रतिमा पूजत लोय ॥६३१॥
वेही प्रतिमां ग्रथ वै, तिन मैं वचन फिराय।
ठानि और की और ही, दीनों पंथ चलाय ॥६३२॥
फिरि[1] यक निकस्यौ पंथ अव, है सिरौंज की वोर।
तारण पंडित नै कियो, आप अकलि कै जोर ॥६३३॥
देस मालवा मद्धि तिन[1], नयो देहुरो ठानि।
प्रतिमा पधरावत नही, पुस्तग पूजत जांनि ॥६३४॥
अैसें निकसे मत वहुत मन-मद धरि विपरीति।
यह पचम कलि काल की, फैलि गई जग रीति ॥६३५॥
परि जे अव संसार मैं, जपत मत्र नौंकार।
तिनतें वहसि न ठांनि हैं, रे भवि सो मतसार ॥६३६॥

अथ परिपाटी भट्टारकांनि की वर्नन

दोहा[1] : अव परिपाटी हू कछुक, सुनि जु भये जगचद।
महावीर प्रभु आदि मुनि, भट्टारक गुणवृंद ॥६३७॥

चौपई : श्री प्रभु वर्धमान जिनराय, ते तौ मुक्ति पहुचे जाय।
तिनकै पीछै केवल-ग्यांन, वासठि वरष रह्यौ परमांन ॥६३८॥
तामैं गोतम गणधर भये, वहुरि धरमाचारिज ठये।
तीजे जंवू वणिक-कुमार, ऐ तदभव पहुचे सिव द्वार ॥६३९॥

---

६३३ : १ फुनि।
६३४ : १ तिनु।
६३७ : A missing।

---

†सक्कार or saltish food as different from पक्वान्न।

वर्ष[1] ऐक-सौ ग्यारह अग, चौदह पूरव जुत सु अभंग।
तिनमैं विष्णु मुनी नदि मित्र, अपराजित मुनि भये पवित्र ॥६४०॥
गोवरधन अर भद्र सुवाहु, ऐही पांच भये मुनिनाहु।
वर्ष ऐक-सौ असी[1] जानि, ताकै ऊपरि तीन वषांनि ॥६४१॥
ग्यारह अग दस पूरवधारी, भये मुनी ग्यारह अविकारी।
प्रथम विसाषाचारिज जानौं, वहुरि पोष्टिलाचारिज मांनौ ॥६४२॥
भये षित्रियाचारिज मुनी, ज़य फुनि नागसेनि मुनि गुनी।
सिद्धारथ ध्रितषेनि मुनिद, विजय वुद्धि मांन गुनवृंद ॥६४३॥
गंगधर्म-सेनि मुनिराय, ऐ सव ग्यारह भये सुभाय।
वर्ष दोयसै ऊपरि वीस, ग्यारह अंग धरें मुनि ईस ॥६४४॥
नक्षित्राचारिज जयपाल, पांडु वहुरि ध्रुवसेन विसाल।
कंसाचारिज हैं गुनषांनि, ए पांचौ ही जग सुषदानि ॥६४५॥
वर्ष एक सौ वहुरि अठारा, एक अंग इनहूं नै धारा।
सुभद्र यसोभद्र मुनिराज, भद्रवाहु जग के सिरताज ॥६४६॥
लोहाचारिज लौ अंग जानें, छसै-तियासी वर्ष वषानें।
वहुरि अंग जव विछति जांनी, तव उपजे मुनिवर श्रुत-ग्यानी ॥६४७॥

अथ पट्टावली वर्नन

दोहा : दिग्गवर पट्टावली, अव सव सुनि हित ठांनि।
भद्रवाहु यक अंगधर, तिनंही तें लै जांनि ॥६४८॥

चौपई श्री गुरु भद्रवाहु मुनि भयो, संवत च्यारि तणै पट लयो।
तिनकै पट्टि भये गुनषांनि, संवत छव्वीसा कै आंनि ॥६४९॥
गुप्तगुप्त आचारिज एक, नांम तीन तिन लहे प्रतेक।
दुतिय नांम अर्हदवलि लह्यौ, त्रतिय विसाषाचारिज कह्यौ ॥६५०॥
तिनकै पटि[1] भटारक भये, जहां-जहां जे-जे निरमये।
माघनदि छव्वीसं[2] साल, भये वहुरि जिणचंद विसाल ॥६५१॥

---

६४० . १ वरष।
६४१ . १ असी।
६५१ : १ पाटि। २ छत्रीसं।

कवित्त : गुणचासै भये कुंदकुंद पुनि उमा-स्वामि,
लोहाचार्य जसकीर्त्ति यसोनंदि[1] जये हैं।
देवनदि पूज्यपाद गुणनदि वज्रनदि,
है कुमारनदि लोकचंद जग छ्ये हैं॥
प्रभाचंद्र नेमिचंद्र भांनुनंदि हरिनदि,
वसुनदि वीरनदि तिन्हैं हम नये हैं।
रतनकीरति मांणिनंदि मेघचद्र पुनि,
सातिकीर्त्ति मेरकीर्त्ति[2] ए छवीस भये हैं॥६५२॥

दोहा : भंदिलापुर दक्षिण दिसा, पट्ट भये छव्वीस।
वहुरि सुनहु[1] जे जे भये, जिहठां मुनि-गन ईस॥६५३॥
छसै-तियासी साल त्तै, पट वैठे मुनिराज।
भट्टारक-पद पाय करि, भये सुधर्म जिहाज॥६५४॥

कवित्त महीकीर्त्ति विष्णुनंदि भूषण श्री सिरीचद,
नदिकीर्त्ति पुनि देस भूषण से मानिऐ।
अनतकीरति धर्मनदि वीरचद भये,
रामचद्र रांमकीर्त्ति अभैचद जानिऐ॥
नरचंद्र नागचद्र वहुरि नयणनदि,
हरिचद्र महीचद्र माघचद्र दानिऐ।
ए अठारा पट[1] भये नगरी उजेनि मांहि,
नमत वषतरांम तिन्हैं उर आंनिऐ॥६५५॥

चौपई संवत इक सहस्र तेईस, लक्ष्मी ससि गुणनदि मुनीस।
गुणचद लोकचद मुनि[1] वऐ, ऐ पट च्यारि चंदेरी भये॥६५६॥
सवत ऐक हजार गुण्यासी, कै श्रुतकीरति हैं गुणरासी।
भावचद्र महिचद्र वषानौ, ऐ पट तीन भेलसै जानौ॥६५७॥

---

६५२ १ यसोनद। २ मेरुकीर्त्ति।
६५३ १ सुनौ।
६५५ १ पाट।
६५६ १ मुनु।

दोहा . ग्यारह सै चालीस कै, साल[1] भये अभिराम।
कुडलपुर मै ऐक पट, माघचद्र तसु नांम ॥६५८॥
ग्यारह सै चालीस परि, च्यारि साल लै जांनि।
तव तै भये मुनीस जे, तिनकौं सुनि दै कांनि ॥६५९॥

कवित्त : वृषभनंदि सिवनंदि विश्वचंद्र सिंहनंदि,
भावनंदि देवनदि महा मुनिराज है।
विद्याचंद्र सूरचंद्र माघनदि ग्यानकीर्त्ति
गंगकीर्त्ति सिंघकीर्त्ति धर्म [के] जिहाज हैं॥
हाडोती के देस मांहि वार नगरी है तामै,
वारापट भये ये सकल सिरताज है।
कर जोरि तिनकौं नमत है वषतरांम,
गुरनि कौ मेरी भव-भव तनी लाज है ॥६६०॥
ग्यारहसै नव-निवै तएै सालि हेमकीर्त्ति,
सुन्दरकीरति नेमिचंद अभिरांम है।
नाभिकीर्त्ति वहुरि नरिंद्रकीर्त्ति सिरोचंद,
पद्मनंदि वर्द्धमांन भले गुन धांम हैं॥
अकलकचद्र औ ललितकीर्त्ति केसोचंद्र,
चारु अभै वसंतकीरति तीनौं नांम हैं।
दुरग चीतोड[1] मांहि पट भए चौदह ऐ,
तिनकौं वषतरांम करत प्रनांम है ॥६६१॥

छंद : वारह सै-छ्यासठे साल पट प्रष्याति कीरति पायो।
सांतिकीर्त्ति फुनि धर्मचंद्र मुनि रत्नकीर्त्ति जस छायो॥
प्रभाचद्र लौं भये पांच पट ए अजमेरि वताये।
पद्मनदि सुभचंद दोय मुनि दिल्ली मैं पट पाये ॥६६२॥

दोहा पट्ट एक ग्वालेर मैं, भऐ मुनी जिणचंद।
पद्रह-सै-सतवोत्तरै, मनहु उये निसि चंद ॥६६३॥

---

६५८ १ सालि।
६६१ . १ चीतौड।

पद्रह-सै-इकहैतरे, प्रभाचंद्र यह नाप।
बहुरि भये चीतोड[1] मैं, सकल गुननि के धाम ॥६६४॥

अरिल : पद्रह-सै-इकअस्सी धर्म सु चद है,
ललितकीर्त्ति फुनि चद्रकीर्त्ति सु अमद है।
भट्टारक देवेंद्रकीर्त्ति मुनि च्यारि ऐ,
भऐ चाटसू मैं भविजन उर धारिऐ ॥६६५॥

सोरठा : नरेंद्रकीरति नांम, पट इक सागानेरि मैं।
भये महागुन-धांम, सोलह सै इक्याणवै ॥६६६॥

अरिल : सत्रह-सै-बाईस तणै जो साल है,
सुरेंद्रकीरति भये सु तिन कै पटि लहै[1]।
जगतकीर्त्ति देवेंद्रकीर्त्ति गुनलीन है,
अवावति मैं भये भटारक तीन है ॥६६७॥

दोहा : इक पट दिल्ली फुनि हुवो, महेंद्रकीरति नांम।
सत्रह-सै परि-बाणवै, लह्यौ पाट गुनधांम(अभिराम[1])॥६६८॥

चौपई : पट्ट दोय पाये मुनिराय, नगर सवाइ जैपुर आय।
इक खेमेंद्रकीर्त्ति गुनपाल, अठारह-सै-पद्रह[1] कै साल ॥६६९॥
तिनकै पटि राजै बुधिवांन, सुरेंद्रकीरति तम हर भान।
साल अठारह-सै-तेईस, भये भटारक महा मुनीस ॥६७०॥

दोहा : भद्रबाहु मुनि आदि है[1], भट्टारक गुन षानि।
सुरेंद्रकीरति लौं भये, पट अठ्याणवै जानि ॥६७१॥
ऐसै यह पट्टावली, ग्रथनि कै अनुसारि।
कछु पोथिनु कौं देषि करि[1], वरनन कियो विचारि ॥६७२॥

---

६६४ १ चीतौड।
६६७ : १ पटि हा लहैं।
६६८ १ अभिराम missing।
६६९ १ ठारह-सै-पद्रह।
६७१ १ दै।
६७२ . १ कै।

गादि श्री महावीर की, बैठत आये संत।
तिनकौं वन[1] सम मांनिकै, पूजहू सकल महत ॥६७३॥

इति पट्टावली पूर्ण ॥ अथ आगम कथन वर्नन[1] ॥

अरिल. फुनि यह आगम कथ्यौं सु भवि सुनियौं सवै,
सवत अठ्ठारहसै वीतेंगे जवै[2]।
तापै वरष कितेक गये इम भास ही,
दक्षिण दिसि मै वंध्याचल मैं[3] गिर पास ही ॥६७४॥

दोहा : पुस्कल नगर विषैसु ह्वै, वीरचंद मुनिनाथ।
गछ पडिकमणूं अर क्रिया, न्यारी करिहै गाथ ॥६७५॥
भील संघ उतपति करै, नये ठांनि वहु वाक्य।
ग्याना[1]वरनी कर्म कौ, लहि करि कै परिपाक[2] ॥६७६॥
वहु विधि करि जिन मत जु है, अव तिह तणौं[1] निपात।
करिसी फुनि मुनि कोन ह्वै, जो मेटै मिथ्यात ॥६७७॥
कहु जिन मग विधि और ही, चल्यौं जाय इम धर्म।
ज्यौं त्यौं सुख दुष भुंजि कौ, करि करि के वहु कर्म ॥६७८॥
आवै पंचम काल कौ, अंत जवैं इक कोय।
मूल गुणनि कौं धारि कै, वीरांगज मुनि होय ॥६७९॥
अलप पढ्यौ है सासतर, तौहू जैनि प्रकास।
करिहै वहुरि मिथ्यात कौ, करिसी वहै विनास ॥६८०॥
भद्रवाहु कौ चरित लषि, वरन्यौ है या मांहि।
भविजन लषि मोकौं कछू, दोस दीजियो नांहि ॥६८१॥

अथ श्रावक की उतपति वर्नन

दोहा : अव उतपति श्रावकनु के, षांप गोत की जेम।
भई सु पोथिनु देषि करि, वरनत है कवि तेम ॥६८२॥

---

६७३ : १ उन।
६७४ : १ from इति to वर्नन not in A। २ सवै। ३ not in A।
६७६ १ ज्ञाना। २ परपाक।
६७७ : १ तणू।
६८२ : १ अथ उतपति श्रावग की वर्नन।

आगे तौ श्रावक सबै, ऐकमेक ही होत।
लगे चलन विपरीति तब, थरपे षांप रु गोत ॥६८३॥
थपी वहैतरि षांप ऐ, गाम नगर कै नांम।
जैसे पोथिनु मै लषी, सो वरनी अभिराम ॥६८४॥

षांप वर्नन

चौपई : गोला पूरव गोला राडा, कहैं लवेचू गोल सिघाड़ा।
षडेलवाल महाजन सोहै, जैसवाल जग मैं अव जोहै ॥६८५॥
वघेरवाल सु अग्गरवाला, सहिलवाल जिन धर्म सम्हाला।
सात षाप पुरवार कहायै, तिनके तुमकौ नांम सुनावै ॥६८६॥
अठसष्षा फुनि है चौसष्षा, सैहसरडा फुनि हे दोसष्षा।
सोरठिया अर गांगड जांनौं, पद्मावत्या[1] सप्तमा मांनौ ॥६८७॥
फुनि ढूसर अरु वरहासेणी, षंथड़वाल गहोई लेणी।
इकईसवा जु जाणि सचाणा, वहुरि अजोध्यापुरी वषाणा ॥६८८॥
गोरावाड वहुरि कठनेरा, वीडलसानी मसरा हेरा।
धकडा गूजरवाली वाल, माणडा[2] सव मांहि विसाल ॥६८९॥
वेरवडा फुनि पल्लीवाल, गंगरिक ए वत्तीस सम्हाल।
तीन षाप के हैं द्वै नाम, तेहू तू सुनि लै अभिराम ॥६९०॥
सेहरिया निगमां गुजराती, मेवाडा रा-सूयचा-भाती[1]।
षरवा षंडावता हू वाजै, ऐ तीनौं षटनांम विराजै ॥६९१॥
नागद्रहा अर नरसपयं घोड़ा, वयानश्रा फुनि है चीतोडा।
है हरधरा और सीदरा, कुलया श्रावक अरहू नरा ॥६९२॥
दहवड़ राय कडावण घोरा, चतुरथ श्रावक है अति भोरा।
पचम श्रावक है सुभकारी, ऐ अठतालीसौं अविकारी ॥६९३॥
चचल वल गोरा गुणवान, करमणोत श्रीमाल सुजांन।
फुनि ऐ श्रावक पांच कहावै, है चिडुकरा विवोरा भावै ॥६९४॥
मद वेवावली गुरा जांनौं, कमटी आगै श्रावक आंनौं।
नुतपा श्रावक सव मन भाये, तुला सिरी श्रीमाल कहाऐ ॥६९५॥

---

६८७ १ पदमावत्या।
६९१ । १ मेवाडा रा या सूचा भाती।

इक कचगार दुतिय हय गार, त्रतिय व्रांह्मरण फुनि लौ गार।
द्रावड़ नल या पन सिषवाल, काकलवाड़ जैन सगवाल ॥६९६॥
श्रवरण पगाहुं मड़षित्रिया, वोसवाल अर वुढ़्ढोलिया[1]।
ऐ सव पांप वहैतरि भई, वारह और सुनौ यन मई ॥६९७॥
कंघड़ जनड़ा कोरड़वाल, षडहूता अरु मेडतवाल[1]।
है अहिछत्र वहुरि दोहला, हरसूरा सुड़ीड़हा भला ॥६९८॥
गोतवंसी वल री गुल कहे, पोहकरवाल सु वारा भये।
पांप वहैतरि तौ वे कही, ऐ मिलि सव चौरासी भई ॥६९९॥
पोथी पांच सात कौं देष[1], करि विचार यह कीनौं लेष[2]।
यामैं भूल्यौ चूकयौ होय, ताहि सुधारि लेहु भवि लोय ॥७००॥
इनंही मैं जो षंडेलवाल, तिनमै निकसे गोत रसाल।
चौरासी है तिनके नांम, सो विधिवत कहियत सुषधांम ॥७०१॥

अथ षंडेलवाल उतपति वर्नन

चौपई : श्री प्रभु महावीर जिनराय, तिनहि नमौं भवि मन वच काय।
पीछे भये कितेक मुनिंद, तिनमैं यसोभद्र गुणवृंद ॥७०२॥
एक अंग धारक यह मुनी, यनकहु वातें अैसैं सुनी।
नगर षंडेला यक अभिराम, भूपति तसु षडेल गिर नांम ॥७०३॥
वंस सोम कुल है चौहांन, सोभित तासु तेज जिम[1] भांन।
तहां मुनीस्वर गये कित्तेक, विप्रनु तें किय वाद अनेक ॥७०४॥
जीते वाद रहे मुनि जहां, विप्रनु कोप कियो तव तहां।
पुरमैं मलवाई कौ रोग, उपज्यौ काहू पाप संजोग ॥७०५॥
छीजन लगे वहुत नर नारि, प्रोहित विप्रनु तवै विचारि।
जग्य सथारयौ जव नरमेद, तामैं होमैं मुनि पढि वेद ॥७०६॥
तवतैं विथा अधिक ऊपनी, मरन लगी पिरजा पुर तनी।
फुनि सव देस मांहि विन नीति, प्रगटयौ रोग महा विपरीत ॥७०७॥

---

६९७ : १ वुड्ढेलिया।
६९८ : १ मेरुतवाल।
७०० : १ देषि। २ लेषि।
७०४ : १ जिमि।

तवै उपद्रव लषि पुर मांहि, नर नारी सवही निकसाहिं।
नगरि नजीक गुढे करवाय, वसे तहां सव पुर के आय ॥७०८॥
अैसै होमे सुनि मुनिराय, यसोभद्र तव कियो उपाय।
सिष्य[1] जिनसेनि हुतौ मुनि साहु, ताकौं कही षडेलै जाहु ॥७०९॥
थापो श्री जिन-धर्म प्रवीन, जैसै चलि आयो प्राचीन।
काहू भाति संक मति करो, प्रभु कौ नाम हिये मधि[1] धरौ ॥७१०॥
तव जिनसेन[1] षडेलै आय, श्रावक श्रेष्ठी लये वुलाय।
तिनकौ जुदौ वसायो गुढौ, सव कौं कही नांम जिन पढौ ॥७११॥
देव्य अराधी चक्रेस्वरी, ताकौं मुनि यह आग्या करी।
सव जैनिनु की रक्षा[1] करो, रोग व्याधि इनकौं सव हरो ॥७१२॥
देवी मुनि की आग्या पाय, जैनिनु कौ दुष दयो मिटाय।
तवै सुषी सव श्रावक भये, समाचार नृपहू पै गये ॥७१३॥
सुनि आयो षंडेल-गिर भूप, वदे मुनि के चरन अनूप।
विनती करी अहो मुनिराज, तुम हौ नर भव जलधि जिहाज ॥७१४॥
कौंन पाप पिरजा छीजंत, सो मोकौं कहिए विरत्तत।
छीजत भये वरष दस दोय, काहू भाति साति नहि होय ॥७१५॥
तव मुनि भाषी अहो महीस, जिनमत धारी महा मुनीस।
तप करते या नगर ढिगारि, विप्रनु होमे जग्य मझारि ॥७१६॥
घोर पाप उपज्यौ पुर मांहि, तातै सव नर नारि छिजांहि।
यह विरतांत सुण्यौ नृप सवै, दुषी भयो मन मैं अति तवै[1] ॥७१७॥
विप्रनु तै भूपति अनषांहि, क्रोध करन लागे मन मांहि।
तव मुनि कही अहो नर ईस, सोच फिकर मति करहु नरीस ॥७१८॥
विप्र प्रोहितनु सांमिल होय, तुम तै तौ यह राषी गोय।
कियो जग्य होमैं मुनि घनै, तातै तुम्हैं दोष नहि वनै ॥७१९॥
तव नृप कही अहो रिषराय, दोष मिटै सौ कहौ उपाय।
औरनि तै यह मिटै न पाप, तुमही मेटौ जग सताप ॥७२०॥

---

७०९ : १ सिषि।
७१० : १ मध्य।
७११ : १ जिनसेनि।
७१२ : १ A रक्या।
७१७ : १ जवै।

आचारिज बोले नृप अहो, श्री जिनधर्म मर्म तुम गहो।
और सबै त्यागौ मत जाल, तौ बचाव ह्वै है ततकाल ॥७२१॥
भूपति हाथ जोरि सिर नाय, सबै कबूली मन वच काय।
तबतै चौकी दै ईश्वरी, व्याधि सबै पुरजन की हरी ॥७२२॥
पिरजा सुषी भई सब जांनि, भूपति हरष अधिक मन मानि।
बोले तुमहि धन्य मुनि नाथ, जग बूड़त राख्यौ गहि हाथ ॥७२३॥
अबजो आग्या ह्वै सो करैं, तुम प्रसाद हम भव दधि तरैं।
मुनि भाषी करिऐ नृप सार, श्रावग के बृत अगीकार ॥७२४॥
जगत माहि हैं जन बहु रूप, तिनमै होहु महाजन भूप।
और ग्रांम हूं तै नर-नारि, आऐ तिन्हैं बुलाय विचारि ॥७२५॥
सबकी षांप सु षंडेलवाल, ठैहराई समेति भूपाल।
अैसै मुनि इष्ट कै जोरि, सबकौं श्रावग किये बहोरि ॥७२६॥

दोहा : जे आऐ जिह ग्राम तै, ताही नांम सुगोत।
ठैहराऐ फुनि वंस कुल, पूरव किए उदोत ॥७२७॥
नाम बस के जो हुते, आगै ही प्राचीन।
सोम-हरी इष्वाक कुरु, फुनि सो रई प्रवीन ॥७२८॥
तामैं सोम सु वंस मै, गोत तीन चालीस।
भये रहे कुल आदिके, देवी नई थपीस ॥७२९॥
प्रथमहि भाई भूप जुत, चौदह जांनि सुबुद्ध।
ते जिनसेनि समोधि कै, कीन्हे श्रावग सुद्ध ॥७३०॥
बस सोम चौहान कुल, गोत गांम कै नांम।
जहां जहा जो बसत हौ, सो दीन्हौं अभिराम ॥७३१॥
कुलदेवो चक्रेस्वरी, तिनकी दई सथापि।
सो पूरै मन कामना, विघन न होय कदापि ॥७३२॥

छंद छप्पै[1] : गोतसाह किय भूप षडेना के जो नायक।
गांव भावसा तणें भावसा गोत सु लायक ॥
जल वाणी भूलणां पापड़ीवाल बताये।
दरडौध्या अरडक्चा गांम कै नाम कहाऐ ॥

७३३ : १ A छप्पै only ।

पीतल्या पहाडचा साभरचा नरपति हेला पांडिया।
इम राजभद्र अरु छावडा चौदह गोत सुमाडिया ॥७३३॥

सोरठा : तिनमैं वारह मांहि, वंसदेव्य कुल ऐक ही।
भेद भाव कछु नाहि, कहि आयो सो जानियौं ॥७३४॥

अरिल : गोत दोय की वात भई अैसैं नई,
देव्य सावडा तणी वहुरि औरिल भई।
कुल देवी संभराय साभरचा पूजही।
वरष कितेक वदी तें इम पूजें सही ॥७३५॥

दोहा : या विधि तीयालीस मैं, चौदह कुल चौहांन।
भये सु भाई भूप जुत, फुनि यह सुनी सुजान ॥७३६॥
थापे हैं जिनसेनि तौ, चौंदह ही कुल गोत।
वहुरि और मुनिवर नु मिलि, थापे गोत सुपोत ॥७ ७॥
षट कुल पांमेचा किये, देवी औरिल मांनि।
रारा रावत राउंका, मोघचा मौंठचा जांनि ॥७३८॥
गोत विलाला दोय विधि, इक कहि आयो सोय।
दूजे सोनिल कौंन मैं, कुल नदिचा होय ॥७३९॥

सोरठा कुल जादव में पांच, गोत नीकसे हैं ललित।
तामैं मानहुं सांच, डेउचल पूजें वैद तौ ॥७४०॥
वनमाला फुनि वव, भडसाली अरु नरपत्या।
करत न तनक विलव, पूजत देवी रोहणी ॥७४१॥

अरिल : कुल मोहिल मैं गोत च्यारि ही जानिकैं[1],
टौंग्या पूजत देवी चावंड आनिकैं।
वहुरि वाकलीवाल कासिलीवाल हैं,
हलद्या पूजें देवी जीरण विसाल हैं ॥७४२॥

दोहा : कुल गेंहलौत[1] सुगोत त्रय, पूजत गणपति चौथि।
है विनायक्या विवला, वहुरि पोटल्या कोथि ॥७४३॥

---

७४२ १ जांनकैं।
७४३ १ गेंहलोत।

अरिल : पंच जु कुल पडिहार गोत देवी सुनै,
षेत्र मालिया दोसी चांवड कौं मनै।
पीगोल्या कडवा गिर नांदिल मांनिऐं,
वड़साली पांडचा सरसलि के जानिऐं ॥७४४॥
कुलहु जील तूवर फुनि सोढा सांषला,
इन च्यारचौं कुल मांहि गोत कहिऐ भला।
दगड़ा अर पाटणी गिनोड़चा सांषुर[ए]या,
याही क्रम तै देव्य नांम लषिऐ भएया ॥७४५॥
सरसलि आंमणि सकरणि अरु सभराय कै,
पूजन जात सु च्याह्यौं गोत सुभाय कै।
राजहंस अहंकारचा गोत सु दोय है,
सरसलि सरस्वतिन मै सुकुल नहि होय है ॥७४६॥

दोहा : कुल इन दोन्यौं गोत कै, लिष्यौ न देख्यौ कोय।
तातै वरनन नहि कयौ, दोस ना दीज्यौ लोय ॥७४७॥
सोमवंस के वरनिऐं, गोत तीन चालीस।
अव कुरुवंसी जे भये, तिनकी सुनहु कहीस ॥७४८॥

चौपई : कुर-वंस मैं अठारा गोत, तिनके कुल फुनि देवी होत।
नांम गांम कै गोत प्रमांन, सो सुनि लीजे सकल सुजान ॥७४९॥
कुल नादेचा गोत सु तीन, देवी सोनिल पूजहि दीन।
छाहड़ कोकराज जुग-राज, ऐ तीनौं तिनमै अति लाज ॥७५०॥
कुल मोहिल ह्वै गोत विसाल, सिरी मूलराज लटिवाल।
इक कुल के जानौं गैहलोत[1], तिनकौ वीरषडिया गोत ॥७५१॥
ऐ तीनौं श्री देव्य पुजाहि, फुनि कुलदेवड़ानि ह्वै माहि।
कुल भाएयांरु निगोत्या जेह, देवी हेमां पूजत तेह ॥७५२॥

दोहा फुनि को कारण पाय कै, गोत निगोत्या जांनि।
कुलदेवी चांवंड की, तिनकै है अति मानि ॥७५३॥

चौपई : कुल चंदेल गोत द्वै सार, मूलसरचा फुनि चांदूवार।
देवी मातणि पूजत गुणी, तामै भेद कहूं सो सुणी ॥७५४॥

---

७५१ : १ गहलोत।

चांडूवाड़ भेद द्वै मेल, इक कुरुंवसी कुल चदेल।
इक सोमवस कुल चावडा, दोऊ मातणि पूजै षडा ॥७५५॥
तीन गोत कुल गौड उजेरा, गोधा सरवाड्या अजमेरा।
देवी नादणि पूज कराही, फुनि गोधा जिन साति पुजांहीं ॥७५६॥

दोहा : देवी तजि जिन साति कौ, पूजन लागे जेम।
बीतें वरष कितेक सौ, भवि सुणि कारण तेम ॥७५७॥
नादणि की मूरति हुति, रूपा तणी मनोग्य।
ताहि भाजि सुवरण तणी, करि पूजी-अति जोग्य ॥७५८॥
जब नादणि करि क्रोध कछु, कीन्हीं तिनकौं दोस।
तबतें पूजे साति जिन, हरचो देवी कौ रोस ॥७५९॥
बारहसै अठताल कै, सालि भई यह रीति।
तबतें गोधा सांति जिन, पूजत हैं करि प्रीति ॥७६०॥

चौपई. तीन जांनियौं कुल गैहलोत, पूजें पद्मावति ऐ गोत।
पाटोधी चौधरी सु सार, सेठी जानि दोय परकार[1] ॥७६१॥
इकतौ कहि आयो सु सहीजे, दुतिय वस इष्वाक कहीजे।
सेठी गोत लोह-सिल देवी, पूजत है इह भाति सुणेवी ॥७६२॥
इक कुल कोटेचा सुणि-वाणि, कांन्हड देवी गोत सौगाणी[1]।
इक कुल ठीमर देवी लाहणि, कालागोत न हाकै वाहणि ॥७६३॥
कुरवसी ऐ गोत अठारा, अब इष्वाक वस मैं ग्यारा।
गोत भऐ कुल देव्य सुणीजे, भेदभाव तामैं न करीजे ॥७६४॥
है कुल मेरठि लुह-सिल पूजै, गोत लुहाड्या लावट गूजें।
त्रय कुल कूरम गोत कटारचा, औ गगवाल झांझरी भारचा ॥७६५॥
ऐ तीनो पूजत जमवाय[1], इक कुल नादेचा सुभ पाय।
गोत नौपडा कहै अनूप, पूजत मस्ता देव्य स्वरूप ॥७६६॥
कुल वड़गूजर गोत सु तीन, विरल्या अर वावसा कुलीन।
ए द्वै मानत देवी सिरी, नमैं वौहरा सौ तिल सुरी ॥७६७॥

---

७६१ : १ प्रकार।
७६३ : १ सोगाणी।
७६६ : १ जमवाइ।

दुतिय वौहरा कुल गैहलोत, श्रौर सकल जांनौ वह पोत।
कुल भाला सु गोत चरकनां, नांदिल पूजत है सुभ मनां ॥७६८॥
ए सव ग्यारह गोत सुभये, वंस इक्ष्वाक मांहि वरनये।
अव सुनि कुल सो रई प्रसिद्ध, गोत नीसरे दस ता-मद्धि ॥७६९॥
कुल सोलंषी श्रांमिरिण देव्य, गोत श्राठ मै है श्रति सेव्य।
सोनी लौंहग्या फुनि सोहनी, भूंछ पांपल्या गदह्या भनी ॥७७०॥
सूपत्या सहित भये हैं सात, वहुरि पावड़्या है द्वै भांत[1]।
इक पांवड़्या नमै मोहनी, दुतिय नमैं श्रांमिरिण[2] कौं गुनी ॥७७१॥
कुल सुनार द्वै श्रांमिरिण नमैं, वज्रहथा फुनि वज-गोत मै।
ए दस वंस सोरई कहे, द्वै हरि-वंस माभि हू गहे ॥७७२॥
नरपौंल्या[1] निरगंधा गोत, कुल है दहरचा श्रौर नहि होत।
देवी नांदवि[2] नमरण करांहि, सुषी होत तव या जग मांहि ॥७७३॥
ऐ सव भये गोत चौरासी, देवी यनकी सकल प्रकासी।
तव तै पूजन लगे दिहारी, सव श्रावगनि प्रतंग्या धारी ॥७७४॥

चौपई[1] : लिषी सुणी जैसी प्रति भासी, लषि विधिवत मति कीज्यौ हांसी।
इन श्रावग कै श्रापस मांहि, सगपरण है फुनि पांति जिमांही ॥७७५॥

दोहा
या विधि मुनि सवकौ हरचौ, रोग दोष दुष कष्ट।
श्रावग ठेहराये[1] विमल, सवै महाजन सिष्ट ॥७७६॥
तव श्रावकनि करी श्ररज, श्रहो महा मुनिराय।
क्रिया धर्म श्रावग तरणौं, मग हम देहु वताय ॥७७७॥
वोले मुनि वूभी भलै, सव सुनिए मन लाय।
जिनमत कै श्रनुसारि सव, दैहौं तुम्हैं सुनाय ॥७७८॥
प्रथम कहौं किरिया कछू, जो सधि श्रावै सार।
तामै कमी न कीजियो[1], करिकै परम विचार ॥७७९॥
दोय घड़ी कै प्रात उठि, मन मै जपि नवकार।
वहुरि करौ[1] किरिया सकल, जिह प्रकार श्राचार ॥७८०॥

---

७७१ : १ भांति। २ श्रामरिण।
७७३ : १ नरपोल्या। २ नांदलि।
७७५ : १ चौपई।
७७६ : १ ठहराए।
७७९ : १ कीजिग्रौ।
७८० : १ कहौं।

क्रिया वर्नन

निसि ऊन्हौं अथवा छर्ण्यो, जलतैं पात्र भराय।
वहर[1] भूमि के फिरन कौ, प्रासुक भुव मैं जाय ॥७८१॥
तामैं अैसी[1] जायगा, बरजी सुनिएं साहु।
वहर भूमि कौं भूलिहू, एती ठौर न जाहु ॥७८२॥

चौपई : जहा जु[1] कोई देषत जाणौं, फुनि ह्वै प्रेतनि[2] तणौं ठिकाणौं।
परवत मस्तगि अरु जल माहि, लषि कैं कवहू फिरिये नांही ॥७८३॥
फुनि वंवई देवल परहरिये, हलको लोक माहि नहि फिरिऐ।
फूलनि के वृषिनु कै नीचैं, डाभ वगन[1] की ठौहर वीचैं ॥७८४॥
हरी भूमि फुनि भूमि चिता की, गाय आदि पसु वैठक ताकी।
अगनि तणौं ह्वै कहूं[1] ठिकांणो, इन ठौहर मल मूत्र न ठाणौं ॥७८५॥
तलाव तैं दस हाथ परै ही, करै मूत्र यह वात वतै ही।
इक सत हाथ परै मल मोचैं, नदी तैं चौगुणौं न सोचैं ॥७८६॥
जलत अगनिस्वर सूरिज चदा, होय मुनिस्वर ग्यान अमदा।
कवहू इनकौं देषत जाई, मल फुनि मूत्र न मोचौ भाई ॥७८७॥
वांवैं हाथि[1] सऊच करीजे, जल कौ पात्र दाहिनैं लीजे।
जौ लगि हाथनि धोवै नाहीं, तौ लगि वस्त्रनि नाहि छुवाहीं ॥७८८॥

दोहा : अथवा वाहरि फिरन के, वस्त्र जिते जो होय।
तिन्हैं जुदे ही राषिए, छौंवो करै न कोय।७८९॥
नंदी और तलाव मैं, सीचौ लेहु न मित।
प्रथम निवाण मलीन ह्वै, अण छांणेयौं जल हुत ॥७९०॥
छाणे जलतैं धोइए, मांटी ले निज हाथ।
तामैं अैसी होय सी, मांटी तजौ अकाय ॥७९१॥

---

७८१ : १ बहरि।
७८२ : १ एति।
७८३ : १ ज। २ प्रेतन।
७८४ : १ उगन।
७८५ : १ कहीं।
७८८ : १ हस्त।

सोरठा : वृषि तलै की होय, फुनि ह्वै नंदी कूप की।
ह्वै तलाव की कोय, ह्वै मल-मूत्र समीपि[1] की ॥७९२॥
सो मांटी मति लेहु, धोवन कौं निज हाथ तुम।
हिंसा होत अछेहु[1], यातै वरजी है तुम्हैं ॥७९३॥
वांम हाथ वर तीन, प्रासुक मांटी तै धुपै।
फुनि मांटी जल लीन, दोऊ धोवै तीन वर ॥७९४॥

दोहा : दांतिण सूको कीजिये, जो सूको न मिलाय।
तौ पांचा परवी विनां, और कीजिये चार ॥७९५॥
जो कदाचि दांतिण तणौं, मिलै नही संजोग।
तौ द्वादस कुरला करै, मुष सुध होय मनोग ॥७९६॥
अब सनांन के करण की, विधि भाषत हौं तोहि।
जीवजंत लषि दूरि करि, फुनि आसुक भुव जोहि ॥७९७॥
प्रथम लगावो[1] तेल कौं, फुनि जल गरम मंगाय।
पहलै पग कटि धोय फुनि, मस्तगि जल नषवाय ॥७९८॥
करै मूत्र धोवै करनि, मइथुन अंति[1] सनान।
फिरि मल मोचै तौ करै, अर्ध सनांन प्रमांन ॥७९९॥
करि सनांन तै अंग सुचि, फिरि सामायक ठांनि।
नांम प्रभू कौ लेहु भवि, विरियांतनै निदांनि ॥८००॥
वहुरि प्रभू की कीजिऐ, पूजा अष्ट प्रकारि।
धरि प्रतिमां ह्वै तौ घरां, कै देहुरा मझारि ॥८०१॥
प्रभु कै सनमुषि[1] प्रथम ही, ठाढ़ो ह्वै कर जोरि[2]।
दरसन करि विनती करहु, विधिवत सीस निहोरि ॥८०२॥

'विनती'[1]

छप्पै : तुम दरसन तै देव सफल मो मनिष जनम-हुव।
तुम दरसन तै देव सकल अघ कष्ट टरि-गयव ॥

---

७९२ . १ समीप।
७९३ : १ अछेव।
७९८ : १ लगावै।
७९९ : १ अंत।
८०२ : १ सनमुष। २ करि जोरि।
८०३ : १ B missing ।

तुम दरसन तैं देव दोष दुष दालिद टलिहैं।
तुम दरसन तैं देव अमित मनवछित फलिहैं॥
करुनानिधान तारनतरन अब मैं तुम दरसन करिव।
वर तीन प्रथम जय निरसही कहि-कहि कर्मनकौं हरिव॥८०३॥

दोहा : नमसकार अष्टांग करि, दे प्रदक्षिणां[1] तीन।
जिन गुन पढि दरसन करहु, ह्वै प्रभु पद तल्लीन॥८०४॥

अरिल . प्रतिमा[1] ग्यारह आगुल लौं ह्वै घात की,
ताहि[2] पूजि डावै धरि यह सुभ वात की।
होय जुदी जायगा तहां डव्वा रहै,
घर मैं कबहु न राषिवि राजी गुर कहै॥८०५॥

दोहा : अब पूजा की विधि सुनहु[1], भविजन अति मन लाय।
जैसे भाषी है गुरनि, तैसें[2] कहौं बनाय॥८०६॥

चौपई : वेदी[1] तैं[2] लषि दिसि ईसान, मेर[3] काठकी[4] थापि सुजान।
तापरि[5] जल वटि धारिए चाहि, पांडुसिला की नकल सुताहि॥८०७॥
वेदी तैं जिन प्रतिमा लेय, ता जलवटि परि आय धरेय।
बहुरि दसौं दिगपालनि जान[1], जिनकौ विधिवत करि आह्वान॥८०८॥
पूजि करो तिनकौ सनमान, जथा जोग्य गुर-वचन प्रमांन।
फुनि ह्वै अर्घ प्रभू मुष पासि, विधि भिषेक प्रभु[1] करहु हुलासि॥८०९॥
कलस पंच भरि कै सुनि सीष, क्रमतैं जल फुनि रस लै ईष।
घ्रत अरु दूध-दही सुभल्पाय, बहुरो सर्व वोषधी[1] बनाय॥८१०॥
जुदे-जुदे सनांन करवाय, अधिक-अधिक वाजित्र वजाय।
फुनि अगोछि प्रतिमा सुभ काय, थापि ठौर निज श्री जिनराय॥८११॥

---

८०४ १ प्रदक्षण।
८०५ : १ प्रतमां। २ ताही।
८०६ : १ सुनौं। २ सो कछु।
८०७ : १ एक। २ वोर। ३ मेरु। ४ काष्ट। ५ तिनपरि।
८०८ · १ जांनि।
८०९ : १ जिन।
८१० . १ वोषदी।

प्रथम हि षेत्रपाल कौं पूजौ, तेल सिंदूर धूप लै दूजौ।
वटुक दीप फल गुड लै भूरि[1], पढिकै मंत्र पूजि भरपूरि[2] ॥८१२॥
फुनि प्रभु कौं करिकै आह्वांन, पुस्पनितं पढि मंत्र सुजांन।
आहवान के पुस्प[1] जु होय, प्रभु के चरननि परि[2] मेल्हौ लोय ॥८१३॥

मत्र आ स्वामिन सवौ, इत्यादिका त्रिपदि मत्र पढे।
ऊ ह्री अर्हं श्री पर्म व्रह्म अतरो वुतरावुतर सवौ षट् आह्वानन ॥
अत्र तिष्ट तिष्ट ठ ठ स्थापना अत्र मम सनेहतौ भव भव वषट् सन्निधापन ॥†

दोहा : मन वच तन करि सुद्ध सव, मुषतं मंत्र उचारि।
दर्व्य चढावो आठ भवि, प्रभु की ओर निहारि ॥८१४॥
जल गगादि सुगंध करि, धार चरन प्रभु देहु।
सो [लुटि] के तीनौं जगत, करत पवित्र सु ऐहु ॥८१५॥[1]

ऊ ह्री अर्हं श्री परम व्रह्मणे अनतानत ज्ञान सक्तये ॥इद मत्र ॥

दोहा : दर्व्य दर्व्य परि मंत्र यह, पढौ भवि सु मन लाय।
और पढत सो जोग्य नहि, नूंतन धरे वनाय ॥८१६॥[1]
गरभ[1] जनम[2] तप ग्यांन अरु, पंचम पद निरवांन।
यह मुषतै उच्चारिकै, दर्व्य चढाय महांन ॥८१७॥
चंदन अरु कपूर लै, केसरि मद्धि घसाय।
चरचहु श्री प्रभु के चरन, भव अताप मिटि जाय ॥
अषित सुगंधित ऊजले, कुंद पुस्प सम आंनि।
पांच पुज प्रभु अग्र धरि, मनु पुनि पुंज समान[1] ॥८१८॥
कुंद कंज मंदार[1] अरु, पहुप मालती जाय।
भ्रमर गुंज तिन परि करत, सो जिन चरन चढाय ॥८१९॥

---

८१२ : १ A भूरी। २ A पूरी।
८१३ : १ पहुप। २ missing।
८१५ : १ गंगादिक जल ल्याय कै, सउगधित करि लेहु।
अघ्रि पीठ जिन बिंव कै, जल धारा कौं देहु ॥८१६॥
८१६ : १ Not at all in B
८१७ : १ गर्भ। २ जन्म।
८१८ : १ समांनि।
८१९ : १ सदारु।

---

†The entire mantra not given in B.

नांना विंजन दधि घिरत, दूग्ध[1] भात पकवांन।
प्रभु के मुष आगें धरौ, कनक थाल भरि आनि ॥८२०॥
पच-दीप की आरती, जोय फेरि प्रभु पास।
जीति मोहवा जे भयो, पंचम ज्ञान[1] प्रकास ॥८२१॥
अगुर सांम[1] अवर अवर, बावन चदन लेय।
फुनि करि धूप दसांग भवि[2], प्रभु मुष आगें षेय ॥८२२॥
श्रीफलाम्र दाड़िम कपिथ, नारिंग पुंग विजोर।
इन दै आदि चढाय प्रभु, पद ढिगि सरस किसोर ॥८२३॥
करहु अष्ट द्रव्य ऐकठे, अरु नंद्यावत ठांनि।
दोव साथिया सहित भवि, धरो अर्घ सुषदानि ॥८२४॥
अैसै पूजा अष्ट विधि, करहु भाव करि सुद्ध।
वहुरचौं पढि जयमाल कौं, अर्घ चढाय सुवुद्ध ॥८२५॥
फुनि पढि सांति जु सुमन तै, पढो विसर्जन-मंत्र।
ता पीछै दै आसिषा, विघन-हरन जग जंत्र ॥८२६॥

आह्वान[1] (नैव जानामि इत्यादि मत्र)[2]

अह्वांन के पुष्प[3] की, देहु आसिषा लोय।
और ठौर के पुष्प तौ, विघन हरन नहि होय ॥८२७॥
वहुरि साखनि श्रवण करि, करै गुरनि की भक्ति।
दया भाव राषै सदा, दान देय विधि जुक्ति ॥८२८॥
अव क्रिया[1] सुनि श्राविका, तणी[2] कछुक हित ठांनि।
उठि प्रभाति नवकार मनि, जपै दया उर आनि ॥८२९॥
वहर भूमि दांतिण तणी, किरिया जिसै प्रकारि।
कहि आयो जो पुरिष कौं, सोही करै विचारि ॥८३०॥

चौपई : पैं निति तिरिया अर्घ सनान, करै[1] सुभाषी यहै प्रमान।
प्रासुक भुव लषिकै जिय जंत, मस्तगि परि जल नहि नाषत ॥८३१॥

---

८२० . १ दुगध।
८२१ : १ A ग्यांन।
८२२ · १ स्यांम। २ दसांग।
८२७ १ आहवान। २ not in B। ३ पुष्प।
८२९ . १ A किरिया। २ तनी।
८३१ : १ करहु।

दोहा : सूरज[1] कौ परकास ह्वै, तबै वुहारी देहु।
कै तौ कूटी मूज की, कै अति कोमल लेहु ॥८३२॥
जीव जंत कौं वख तै, पहलै दीजे टालि।
वहुरि वुहारी दीजिये, निज नेत्रनितै निहालि ॥८३३॥
चूल्हा की वांनी सवै, काढै लषि कै जीव।
फुनि पांडू पीली तणी[1], चौकौ देत सदीव ॥८३४॥
चौका यातै दीजिये, मृतक जीव जो कोय।
लेय[1] विलाई आदि जिय, वामग निकसे होय ॥८३५॥
नई भूमि जो होय तौ, जलतै छिड़का देहु।
जो चूनां की होय तौ, धोय सुद्ध करि लेहु ॥८३६॥
लकड़ी अथवा ऊपले, सूके चूल्है वालि।
वीघे ह्वै जालनि सहित, तिनकौं दीजे[1] टालि ॥८३७॥
निज वा उत्तिम[1] जाति तै, जल मंगाइऐ सुद्ध।
नीच जाति कौं भूलिहूं, छुवन न देहु सुवुद्ध ॥८३८॥
पांणी छांणौं जुगति सौं, कपड़ा[1] गाढो[2] ल्याय।
हाथ अढाई दोवरा, इक नांतिणौं कराय ॥८३९॥
ले करवा त्तल ढांकणौं, टपका परन न देय।
करै जिवांण्यां[3] जुगति सौं, फुनि वा जलकौं लेय[2] ॥८४०॥
होय जहां कौ जल जहां, भेजि देहु भविराय।
वामैं आछो जुगति सौं, दीजे ताहि मिलाय ॥८४१॥
चंदवा चूल्है परहडै, ऊपरि इक-इक राषि।
जाले जिय षोटी वसत, पड़ै नही यह साषि ॥८४२॥
नाज मगावो देषि कै, वीध्यौ घुण्यौं न होय।
ताहू कौं अति सोधिकै, षोटै पीसै जोय ॥८४३॥

---

८३२ : १ A सूरिज।
८३४ : १ A तणौं।
८३५ : १ A लेई।
८३७ : १ दीज्ये।
८३८ : १ उत्तम।
८३९ : १ कपरा। २ गाढौं।
८४० : १ तलि। २ देहु। ३ जिवाण्यौं।

चाकी ऊषल पोति कैं, पीसै षोटै नाज।
नीच जाति के हाथ तैं, ऐ न करावै काज ॥८४४॥
वहुरि चालरणी छाजले, चमड़ा विन[1] जे[2] होय।
तिनतैं छांरणैं फटकिये, नाज सु दोष न कोय ॥८४५॥

सोरठा : विन सोध्यौ ह्वै नाज, तरकारो धोयें विना।
रसोईन[1] मै साज, ए आवा दीजे नही ॥८४६॥
ऊन हाड़ चमडा ज, फुनि षोटी जो वस्त ह्वै।
रसोईन मैं साज, कवहु न आवा दीजिये ॥८४७॥
जे घर माहि होय, तौला हाडी फुनि चरी।
तिन्हैं उघाडी कोय, राषि न कवहू रांधता ॥८४८॥
घिरत तेल जल कोय, चमड़ै परस्यौ हू जु ह्वै।
ताहि न षावो कोय, वहुरि हींग को आदि दै ॥८४९॥
या विधि तिय सुचि ठांनि, पहरै उत्तम[1] वस्त्र कौं।
दया भाव उर आनि, करै रसोई जुक्ति सौं ॥८५०॥

दोहा : वहुरि पुरिष जीमरण करै, रसोईन[1] मैं पैठि।
तौ सनान करि कैं करै, ऊजल धोवति वेठि ॥८५१॥
जो सनान परभाति कौं, करि फिरि फिरवा[1] जाय।
तौ कटि[2] तक न्हाऐं विना, सुद्ध न ह्वै निज काय ॥८५२॥
प्रभू पूजि आवै घरा, जवै तयारी होय।
सवै रसोई की सुचित, तव यम[1] करिये लोय ॥८५३॥
करै ग्रहस्थी षट करम, जिन विन[1] सरै न कोय।
तिनको दोष जु आवसिक, जतन कियें हू होय ॥८५४॥
ताको दोष मिटै सु यम, सिघ सवकी कढवाय।
चढवावै भगवत कौं, जिन-देवल मैं जाय ॥८५५॥

---

८४५ १ विनि। २ जो।
८४६ १ रसोईनि।
८५० : १ A उत्तिम।
८५१ : १ रसोइन।
८५२ : १ A फिरिवा। २ तकि।
८५३ : १ इम।
८५४ : १ विनि।

फुनि द्वारा पेषण करै, जो मुनि आवै कोय।
ताकौं लै पडगाहि दै, सुद्ध अहार जु सोय ॥८५६॥
पेऐ कबहु न दीजिये, मुनि कौं भोजन दांन।
विन जल दधि घ्रत और जो, वास्यौ भोजन जांन ॥८५७॥
वांदे वांदी पांहुने[1], मत्र जंत्र अरु देव।
इनकै निमित कियो जु ह्वै, सो मुनि दै न तजेव ॥८५८॥
वीध्यौ झूठो[1] वरण-च्युत, रोग वधांवन वार।
सूको जीरण[2] चलित रस, रिति विरुद्ध दुषकार ॥८५९॥
आयो ह्वै परगांव सौं, चमड़ै दुरजन कोय।
परस्यौ विल्ली तुरक कौ, निंदनीक जो होय ॥८६०॥
फुनि परस्यौ ह्वै रजसुला, तिय घर की का आंन।
ए सब दूषण टालिकै, दै मुनि भोजन दान ॥८६१॥

रजस्वला[1] वर्नन

रजसुलानि तिय कौ वरन, कछु यक कहौं सुभाय।
ग्रंथनि कौ मत पाय कै, सो सुनिऐं चित लाय ॥८६२॥
होत रितवती जो त्रिया[1], जाके हैं ह्वै भेद।
ऐक प्रकृत इक विकृत है, विधि सुनि वहुरि निषेद ॥८६३॥
ह्वै जोवन मद रोग तैं, विकृत सु होय अकाल।
सो सुध ऐक सनांन तैं, त्रय दिन गनै न लाल ॥८६४॥
होत मास कै मास जो, ताहि प्रकृत[1] तू जांनि।
निसि आधी वीतै जु ह्वै, तवतैं त्रय दिन मांनि ॥८६५॥

छंद पद्धरी : इन तीनौं दिन कै मांझि जोय,
एकांत विषै तौ रहै सोय।

---

८५८ : १ पाहुनै। २ A निमति।
८५९ : १ झूठ्यौ। २ जीरन।
८६२ : १ A रजसुला।
८६३ . १ तिया।
८६४ : १ गिनै।
८६५ : १ A विकृत।

चित राषै सुस्थ[1] जु धारि मौंन,
परसै न काहि नहि करै गौंन ॥८६६॥
चरचा न करै गुर देव धर्म,
पसवोई सूघत नाहि पर्म।
दिन तीन जु नीकै सील पालि,
भोजन इक वेर करै सम्हालि ॥८६७॥
गोरस न पाय काजल करै न,
गध लेप न माला उर[1] धरै न।
मुष निज गुर नृप कुल देव-देव,
नहि लषै आरसी नहि लषेव ॥८६८॥
फुनि अपनौं भी जो पीव होय,
तिह साथि वोलिऐ हू न कोय।
वृष[1] तलि फुनि सोवत षाट नाहि,
जप मत्र हृदै हू नहि कराहि ॥८६९॥
जीमैं विन कासी और पात्र,
पातलि अंजुली मधि षुध्या[1] मात्र।
तीनौं दिन तौ करिकै सनान,
घर काज करै कोउ न आंन ॥८७०॥
चौथै दिन घटिका छह प्रमांन,
दिन चढै तवै करिकै[1] सनांन।
भीटै सव कौं भोजन करेय,
पचम दिन गुर फुनि देव सेव[2] ॥८७१॥
निज मंदिर मैं करिये सनांन,
नदी तलाव मति जाहु आन।
वहुरयौं अव सुनिये और वैन,
नर नारि वहुरि ऐती करै न ॥८७२॥

---

८६६ : १ सुसद्द।
८६८ . १ उ।
८६९ : १ वृष।
८७० : १ क्षुधा।
८७१ : १ करि सुध। २ सेय।

दोहा : तिय रतिवती जु जांनि कै, वतलावो मति कोय।
ऐक वास तें सुध ह्वै, वतलायें तें लोय ॥८७३॥
सपरस कीतौ कांचली, वस्त्रनि तें इक[1] हाथ।
रहिये दूरि सु तीन दिन, अवर सुनौं इक गाथ ॥८७४॥
वैठी सूती ह्वै जहां, फुनि भोजन जहां[1] कीन।
सो भुव लीपें सुद्ध ह्वै, नाही रहै मलीन ॥८७५॥
वालक पीवै जो सतन, छांटे तें सुध होय।
वड़े[1] वाल परसै जु को, न्हायें सुचि ह्वै सोय ॥८७६॥
रितिवती[1] जु जिह पात्र मै, भोजन कीन्हौं[2] चाहि।
तामैं भोजन जो करै, दोष लगै अति ताहि ॥८७७॥
वस्त्र-जुक्त न्हावै वहुरि, दोय करै उपवास[1]।
तव ताकौ दूषन मिटै[2], इम गुर करै प्रकास ॥८७८॥
पात्र वस्त्र रहवा[1] तणी, ठौहर परसै कोय।
न्हावै अपराजित जपै, सतव सु तव सुध होय ॥८७९॥
सुकवि कहालौं वरनवै, रतिवति दोष निहारि।
लोक-विरुध जो औरहू, टरै सु दीजे[1] टारि ॥८८०॥
अैसी रितिवति जांनियें, जो नारी घर मांहि।
तौ मुनि भोजन देहु मति, अति ही दोष लगांहि ॥८८१॥
वरनन ताके दोष कौ, करै[1] सुकवि अस कौंन।
द्वारा पेषण हूं न करि, ता दिनि[2] रहु[3] गहि मौंन ॥८८२॥
जो घर मै ह्वै सुद्धता, तौ मुनि कौं पडगाहि।
विधिवत नवधा भक्ति करि, भोजन दीजे ताहि ॥८८३॥
जव अहार कौं ले चुकै, तव वन[1] मुनि कौं जाय।
निज श्रावक निज द्वारलौं, आवहु भवि पहुचाय[2] ॥८८४॥

---

८७४ : १ A यक।
८७५ . १ जहं।
८७६ : १ वडो।
८७७ : १ रतिवती। १ कीनौं।
८७८ : १ A व पवास। २ टरै।
८७९ : १ A रैहवा।
८८० : १ दीज्ये।
८८२ . १ A missing। २ दिन। ३ रहि।
८८४ : १ उन। २ A पौंहचाय।

जो मुनि हूं नाहीं मिलै, श्रावक हू नहि होय।
तौ भूषे कौं दीजिऐ, दया भाव करि लोय ॥८८५॥

दांन वर्नन

जिनमत मांहीं दान ऐ, गुरनि वताये च्यारि।
सो सवही कौं देहु भवि, मनमैं हरष विचारि ॥८८६॥
लषिकै जांनि सुपात्र कौं, दीजे दान अहार।
औरनि कौं षुध्या निमति, देहु दया उर धारि ॥८८७॥
वोषदि[1] जोग्य वणाय करि, जथा-जोग्य तुम देहु।
रोग मिटै रोगीनु कौ, तुम भव भव सुष लेहु ॥८८८॥
ग्रथ जिते जिनमत तणें, तिन्हैं लिषाय स्वरूप।
कमडल पोछी वस्तिका, दीजे गुरनि अनूप ॥८८९॥
जीव जत प्रांणी सकल, ताकौं मारत कोय।
ताहि वचाय उपाय करि, अभय दांन यह जोय ॥८९०॥
ऐही च्यारयौ दान हैं, महा जगत मैं सार।
या भव वारापार तें, ले पौंहचावे पार ॥८९१॥
वहुरि श्रावकनि कौं कहे, दक्षि करन ए च्यारि।
पात्र सकल अरु सम दया, तेहू देहु विचारि ॥८९२॥
पात्र मुनिश्वर फुनि कहे, श्रावक समकितवान।
भोजन दे फुनि वस्तिका, कमड़ल पीछी दांन ॥८९३॥
सकल दक्षि यह जानि तू, परिग्रह कौ करि त्याग।
धांम कुटव धन आदिसौं, तजै सर्व अनुराग ॥८९४॥
सुत दै आदि वुलाय सव, सौंपै घर कौ भार।
आप निरापेषी रहै, पालै तप-व्रत सार ॥८९५॥
समदति याकौं कहत हैं, साध धर्मी ह्वै कोय।
अथवा वहण सु भाणिजी, होत जवाई सोय ॥८९६॥
हय गय रथ धन धान्य घर, वस्त्र आभरण कोय।
इन दै आदि जु दीजिए, जथा-जोग्य जिंह होय ॥८९७॥

८८८ १ औषधि।

दया दक्षि प्रांणी सकल, भूषे रोगी जांनि।
बालक बूढा तरुण कौं, जथा-जोग्य[1] दै दांन ॥८९८॥
ए च्यारचौं ही दक्षि हू, कहे जिनागम मांहि।
करि विचार अरु दीजिए, यामैं दूषन नाहि ॥८९९॥
दत्ति समै लषि दीजिए, दान सु निति प्रति देहु।
यथा-सक्ति तव आप निज, भोजन सुद्ध करिहु ॥९००॥
जिनमत के अनुसार तै, कहें दांन अरु दत्ति।
भाव सुद्ध करि दीजिऐ, सुभ फल पैहै[1] सत्ति ॥९०१॥
यथा-सक्ति दै दांन फुनि, निज जीमत ह्वै सुद्ध।
ऊजल धोवति वेठि करि, साध मौंन[1] सुवुद्ध ॥९०२॥

मौंनि वर्नन

भौंहा रेषे[1] पै नही, अंगुरी तै न वतांहि।
नांहि हलै न षंषारिये, सोही मौंन कहांहि ॥९०३॥
वहुरि जीमतां पालि भवि, अंतराय ये सात।
मांस मृतक मद रुधिर फुनि, हाड़ चाम छह वात ॥९०४॥
ए तौ नांहीं देषिऐ, फुनि जाको ह्वै नेम।
थाली मै आवै तऊ, मुष मैं देहु न केम ॥९०५॥
जिनमत मैं तजिवो कहे, ऐ वाईस अभष्य।
तिनकौं लेहु विचारि भवि, षावो तजौ प्रतष्य[1] ॥९०६॥

कवित कंद मूल वोला निसी भोजन तुषार विस,
मि. उ.: संधाणै सु-घोल[1] वडा कवहू न षाइऐ।
मधुमद मांषन चलितरस मांटी मांस,
वहु-वीजा वैगण अजांण फल गाइऐ॥

---

८९८ : १ A जोगि।
९०१ : १ ह्वै है।
९०२ : १ मौंनि।
९०३ : १ A राषे।
९०६ : १ A षतक्ष।
९०७ : १ औघोल।

तुछ फल पीलू षणां ऊवरा कठूंवरा[2],
सु वडवाला पीपला ऐ तनक न ल्याइऐ[3]।
श्रावग कौं यनकौ सरव त्याग कह्यौ,
ऐही वाईस अभष्य जिनमत मैं वताइऐ ॥६०७॥

दोहा : जो सधि आवै तौ भलै, मौंनि और अतराय।
पै ओ सकल हरीतु की, मरजादा करि षाय ॥६०८॥
धात-पात्र मैं जीमिवो, भाष्यौ[1] है उत्तकिष्ट।
जो न मिलै तौ जीमणौं, पातलि हू मैं सिष्ट ॥६०९॥
ता पातलि के भेद ह्वै, सूकी दीजे[1] त्यागि।
तामैं जीव पडै घनें, जाला रहै जु लागि ॥६१०॥
व्यौपारी जो होय सो, करै भलौ व्यौपार।
चाकर करि सुभ चाकरी, दर्व्य उपावो चार[1] ॥६११॥
पैसा षरे पसेव कौं, लाय रसोई माहि।
और तरह कौ होय सो, यामैं खरचौ नाहि ॥६१२॥
तजहु अथाणौ तेल कौ, फुनि वजार कौ चून।
छाछि पहर सोला पछै, षाण तणी करि मूंन ॥६१३॥
भुरडी कहैं जवारि की, छोला देहगी होय।
आदि वाजरे के सिरा, होला करहु न कोय ॥६१४॥
दोय ढालि ह्वै नाज की, ता संगि दही न षाय।
यातै वरजी है गुरनि, गलै जीव पडि जाय ॥६१५॥
होय चलित-रस जो वसत, फल दै आदि अहार।
वहुरि मिठाई हूं चलित, षावो तजौ प्रकार ॥६१६॥
तजौ ऊट का दूध की, षीर षाण भविराय।
यामै दोष लगै अधिक, हिंसादिक कौ आय ॥६१७॥

---

६०७ २ कठुवरा। ३ लाइए।
६०९ : १ A लाष्यौ।
६१० : १ वीज्ये।
६११ : १ A चारु।

दोय पहर दिन जब चढै, मद्धि घड़ी घटि दोय।
तब तैं सांमायक करै, च्यारि घड़ी लौ लोय ॥९१८॥[1]
बहुरि उतावलि होय को, तौ लषि व्यौंत विचारि।
नाम लेहु प्रभु कौ भले, घड़ी ऐक ह्वै च्यारि ॥९१९॥
या विधि ही संख्या तणौं, सांमायक तू ठांनि।
घड़ी दोय दिन बहुरि निसि, घड़ी दोय लै मांनि ॥९२०॥
निसि बीतै यक पहर जब, तब गृहस्थ जो होय।
निज तिय रिति सेवन करै, पहलै करहु न कोय ॥९२१॥
तामैं ते परवी दिवस, चौदसि आठै जांनि।
त्यागै निज पर सब तिया, ते जग मैं गुनषानि ॥९२२॥
पर-तिय कौ तौ जांनि कै, करै सर्वथा त्याग।
परवी दिन फुनि दिवस कौं, निज तिय तजि बड-भाग ॥९२३॥
यह तौ विधि तुमकौं कही, फुनि सुनिऐं भविराय।
घर मै धन बहु होय तौ, जिन-मंदिर चुनवाय ॥९२४॥
फुनि पूजा के उपकरण, नऐ नऐ करवाय।
झारी प्याला आरती, कलस जलौटि बनाय ॥९२५॥
ठौंणां अर धूपायणां, झांझि झालरी थार।
चंदवा आदि बनाय करि, धरि देहुरा मझार ॥९२६॥

---

९१८ : १ A includes the following additional lines between (917-918) without disturbing the verse order

तापरि साषि धर्मोमृत क्रतेन छप्पै

विरल मूंग उड़दादि धान्य दो दालि तणे जे।
काचे दधि तक्र मैं मेलि नहि षांण भणे जे॥
प्रात गले कै मद्धि जीव बहु उपजि मरै हैं।
धर्म्मामृत श्रावकाचार मै वरन करै है॥
मेवादि तणी दो दालि ह्वै तिनकौ विदल नहीं धरचौ।
भनि वषतराम अैसै सुगुर गृंथनि मै वरनन करचौ॥१॥

दोय दालि कौ धांन्य फुनि, दुग्ध मिलाय न षाहु।
पत्र जाति जे हरित हैं, चत्रमांस तजि साहु॥२॥

नए वनाओ विंव प्रभु, फुनि प्रतिष्टा कराय।
चव विधि संघ जिमाय भवि, तीर्थनि संग चलाय ॥६२७॥
धन पाये कौ फल यहैं, दांन पुन्य जिन-धर्म।
इनमै धन वहु षरचि हौं, तौ पैहौ सुष मर्म ॥६२८॥

अथ सूवा सूतिग वर्नन

दोहा[1] : सूवा सूतिग हू तणी, कछु यक सुणियें वात।
मरजादा माफिक करैं, मिटैं तास उतपात ॥६२९॥
सूवा की यह विधि तिया, करै चतुर्थ सनांन।
तव तैं मांस जु तीसरैं, जात जु गर्भाधांन ॥६३०॥
श्राव नाम ताकौ कहै, इक सनांन ह्वै सुद्ध।
मास पच[1] मैं षष्ट मै, जात सु सुनहु सुवुद्ध ॥६३१॥
नाम पात ताकौ कहै, सूवो दिन छह पांच।
गिनिऐ न्हांऐ सुद्ध[2] ह्वै, यहै मांनि तुव साच ॥६३२॥
होय सातवैं आठवें, नवैं सु कहि परसूति।
ताकौ सूवो दस दिनां, फुनि न्हाऐं सुध भूति ॥६३३॥

सूतिग वर्नन

दोहा[1] : वालक मूवो होय तौ, सूतिग गिणि दिन एक।
जौ वालक पौढो षिरैं, तौ त्रय दिनां गिणेक ॥६३४॥
वड़ो पुरिष[1] कोई षिरैं, तैं ताकौ सूतिग ऐहु।
दिन द्वादस औरैं क्रिया, लोक प्रसिद्ध करेहु ॥६३५॥
यातैं यह वरनन कियौ, मुनि कौं भोजन दान।
सूवा सूतिग माहि तुम, भूलि न देहु सुजान ॥६३६॥
ऐ तौ श्रावग के कहे, किरिया फुनि आचार।
तामैं तै आवे जु सधि, सो सव साधहु सार ॥६३७॥
अव सुनिऐ श्रावग-धरम, कछु यक कहौं वनाय।
तातैं अघ नसि स्वर्ग लहि, फुनि सिवगति कौं जाय ॥६३८॥

---

६२९ : १ missing।
६३१ : १ पांच।
६३२ : १ शुद्ध।
६३४ : १ A missing
६३५ : १ पुरष।

अथ श्रावग-धर्म वर्नन

दोहा : अनहिंसा रु अचौर्य फुनि, (अ)सति[1] ब्रंह्मचर्य पालि ।
परिगृह करि परमाण ऐ[2], अणुव्रत पंच सम्हालि ॥६३६॥
हिंसादिक कौं त्यागि हौ, सप्त विसन कै साथ ।
पलिहै जिनमत तोहि तव, जपिहै जिन-गुन-गाथ ॥६४०॥
सुनहु अहिंसा कौ कथन, भविजन अति मन लाय ।
जीव जंत प्रांणी सकल, तिनतें रहु समभाय ॥६४१॥
जीव-वध[1] मति कीजियो, कवहू मन वच काय ।
दुष-हू काहू जीव कौं, वस लागत मति ध्याय[2] ॥६४२॥
पुंन्य न पर-उपगार सम, जो ह्वै करवा जोग्य ।
पर-पीड़न सम पाप नहि, है यह धर्म मनोग्य ॥६४३॥
भोजन निसि कौं करन तजि, रांधै भी मति कोय ।
जीव पड़ै जामै अधिक, मरैं सु हिंसा होय ॥६४४॥
फुनि हिंसा के करन के, तजिए सकल उपाय ।
निज मन वच तन तें वहुरि, और सुनौं भविराय ॥६४५॥
हिंसा करवो त्यागि फुनि, त्यागि देन उपदेस ।
वृथा लगै उपदेस तें, अनरथ दंड विसेस ॥६४६॥
सो यह अनरथ दंड कौ, वरनन कहौं वनाय ।
गृंथनि के अनुसार तें, सोहू तजौ सुभाय ॥६४७॥

छंद भुजग प्रयात : कहै एक आछी हवैली वनावो,
कुवा वाग बाड़ी तलाई खुदावो[1] ।
परचौ मेह कीजे अवै क्यौं न षेती,
पलैगो कडूवा सवै नाज सेती ॥६४८॥
भए कापड़ा मैल मैं सो धुपावो,
अवै कातरचा क्यौं न वेगे करावो ।
पड़े षाट मै जीव धूपै नषावो,
परी सीस औ वस्त्र मै जूं कढावो ॥६४९॥

---

६३६ : १ (अ) injured २ यह ।
६४२ : १ वद्ध । २ ध्याय ।
६४८ : १ A षनावो ।

कहै व्याह बेटा[1] तणौ वेगि कीजे,
सुता के अवै हाथ पीला करीजे।
तिहारो जु वैरी अवै पासि आयो,
लडौ याहि मारो चहौ चैन पायो ॥६५०॥
वड़ो वृछ[1] है याहि वेगे कटावो,
भले षाट चौकी किवाड़ै वनावो।
पड़्यौ[2] है कजोडा[3] वुहारी न दीजे,
भली वावडी ऐक आछी न कीजे[4] ॥६५१॥
तिया कौं कहै सीस गुंथाय लीजे,
इन्हैं[1] आदि ए सीष काहू न दीजे।
कहौ तौ कहौ दांन पूजा करावो,
करौ वास औ देहुरा कौं वनावो ॥६५२॥

दोहा : मांगे हू दीजे नही, जातै हिंसा होय।
तिनहूं के कछु नांम ये, सुनियें लज्जा षोय ॥६५३॥

छंद भुजग प्रयात : मगे दैन कौं राछ आछे वनावैं,
करावैं प्रससा भलै चैन पावैं।
हला मूसला ऊंषला देत मागे,
कटारी छुरी षेट वदूक सागैं ॥६५४॥
कमांणौं क्रपांणौं कडाही[1] गंडासी,
कुसी चावका जेवड़ा मूंज फासी।
भले अकुसा नांथ आछी नकेलैं,
नई पोटली चांम की ले सकेलैं ॥६५५॥
षुरल्ला[1] षुरप्पा विसोले सु नाडी,
तई सांकलै डांग घोटा कुहाड़ी।
चकी फाहुड़ा आर औ दांतला जे,
वली आगि औ लाकडी ऊपला दे ॥६५६॥

---

६५० · १ वेटी।
६५१ १ वृछि। २ परयौ। ३ कजोरा। ४ करीजे।
६५२ · १ इन।
६५५ . १ कढाई।
६५६ १ षरल्ला।

षिलावै जुंवां भांगि आफू तमाषू,
मगी दे मुकररै तियाकै भिलाषू।
इनै आदि संसार मै वस्त हिंसा,
दिऐं दोष लागै कहो का प्रसंसा ॥६५७॥

दोहा : कहियतु ए षोटे विरणज, जिनतै उपजै पाप।
तो काहे कौं कीजिये, गहि श्रावग की छाप ॥६५८॥

छद पद्धरी : दारु सावण मद लोह जाति,
तिल लूंण सिघाड़ा चलित कांति।
वीघौ अन सहत[1] सु कंद मूल,
गुड़ तेल नीलि आफू समूल ॥६५९॥
इन आदि सवै हिंसा प्रकार,
व्यौपार तजौ भवि करि विचार।
लूण्यो घटिका द्वै राषि मीत,
पीछै तवाय[1] लीजे नचीत ॥६६०॥
निज कारिज रौंष हरचौ न काटि,
षेती मति करि मति तोलि घाटि।
उच्चाटन औ वसिकरन मंत्र,
इन आदि और औषधि[1] रु तत्र ॥६६१॥
जिनमै हिसा कौ लगै दोष,
सो न करि रहौ[1] गहि[2] कै संतोष।
पर जीवन कौं दुष कष्ट जांनि,
दे मति तजि आरति रौद्र ध्यांनि ॥६६२॥
हिसक जीवनि पालिऐ नांहि,
कुत्ता विल्ली वुगवो सताहि।
तूती मैनां सिकरा[1] सिचाण,
जलकुही वाज चडूल वाण ॥६६३॥

---

६५९ : १ सहेत।
६६० : १ तवाइ।
६६१ : १ A वोषधि।
६६२ : १ गहौ। २ रहि।
६६३ : १ सिकरे।

जैन शासनमें निश्चय और व्यवहार

(निश्चय और व्यवहारका विस्तृत तथा सर्वाङ्गीण प्रामाणिक विवेचन)

लेखक

सिद्धान्ताचार्य पण्डित वंशीधर व्याकरणाचार्य

न्यायतीर्थ, जैनदर्शन-साहित्यशास्त्री

बीना (सागर), म प्र

(जैन तत्त्वमीमासाकी मीमासा, भाग १, जैनदर्शनमे
कार्य-कारणभाव और कारकव्यवस्था आदि
रचनाओके लेखक)

भारतीय श्रुत-दर्शन केन्द्र
जयपुर

प्रकाशक

श्रीमती लक्ष्मीबाई (पत्नी पं० वंशीधर शास्त्री) पारमार्थिक फण्ड,

बीना (मध्यप्रदेश)